
सोने एवं चांदी आभूषणों के विक्रेता
माँ दुर्गा ज्वेलर्स
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911



सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच



आवश्यकता है
ऑफिस के लिए चाय-नाश्ता, खाना बनाने एवं ऑफिस कार्य हेतु प्यून की आवश्यकता है।
वेतन चार अंकों में ....
पता : शॉप नंबर 12, रेलवे क्रासिंग के पास, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई
संपर्क : 9827806026, 7869620239



वर्ष- 15 अंक - 81 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, बुधवार 03 जनवरी 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास-खबर

### 22 जनवरी को नहीं बिकेगी शराब, राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन छत्तीसगढ़ सरकार का ऐलान

**रायपुर।** अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर छत्तीसगढ़ में 22 जनवरी को शराब की दुकानें बंद रहेंगी। सूबे के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि उनकी सरकार ने 22 जनवरी को 'ड्राई डे' घोषित करने का फैसला किया है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा बुधवार को जारी एक बयान के अनुसार, राज्य में 25 दिसंबर से 2 जनवरी तक सुशासन दिवस मनाया जा रहा था। अब 22 जनवरी को राज्य में ड्राई डे रहेगा। ड्राई डे का मतलब 'शराब बिक्री पर रोक' होता है। सीएम साय ने कहा राम राज हमारे सुशासन का मॉडल रहा है। हम भाग्यशाली हैं कि छत्तीसगढ़ भगवान राम का 'ननिहाल' है और सौभाग्य की बात है कि अयोध्या में राम मंदिर की 'प्राण प्रतिष्ठा' 22 जनवरी को होगी।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि 22 जनवरी को पूरे राज्य में दिवाली की तरह उत्सव का माहौल होगा। इस दिन दीये जलाए जाएंगे। राज्य सरकार ने निर्णय लिया है कि 22 जनवरी को पूरे राज्य में शराब बिक्री बंद रहेगी और इसका कड़ाई से पालन किया जाएगा। 22 जनवरी को नवनिर्मित राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम आयोजित है। इस अवसर पर देश-विदेश के एक 1 लाख लोगों के अयोध्या पहुंचने की संभावना है। छत्तीसगढ़ के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री समेत कई नेता प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# दो दिनों बाद पटरी पर लौटी जिंदगी

## बस-ट्रक चालकों की हड़ताल खत्म होने से छत्तीसगढ़ ने ली राहत की साँस

श्रीकंचनपथ न्यूज़

**भिलाई।** दो दिनों से जिन पेट्रोल पम्पों में पैर रखने को जगह नहीं थी, वहां आज सन्नाटा पसरा रहा। हिट एंड रन कानून के विरोध में हड़ताल कर रहे बस व ट्रक चालकों की हड़ताल खत्म होने के बाद आज यह नजारा देखने को मिला। चालकों के काम पर लौटने से राज्य में हालात लगभग सामान्य हो गए हैं। पिछले दो दिनों से पेट्रोल पंपों पर लोगों की भीड़ लगी हुई थी, वहीं स्कूल- कालेज वाहन, आटो रिक्शा, नगर परिवहन बसें, कैब नहीं चलने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। केंद्र सरकार और अखिल भारतीय मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस (एआइएमटीसी) के बीच बात बन गई है। मंगलवार को सुलह के बाद कई राज्यों में ट्रकों और अन्य व्यावसायिक वाहनों की हड़ताल खत्म हो गई। संगठन ने ड्राइवरों से हड़ताल खत्म कर काम पर लौटने की अपील की थी।



चालकों की हड़ताल खत्म होने के बाद बसें, ट्रक व सिटी बसें फिर से चलना शुरू हो गई हैं। इससे यातायात भी सामान्य हो गया है। लोग आराम से इधर-उधर जा रहे हैं। सुबह-सुबह कुछ स्कूल बसों का संचालन भी पुनः शुरू हो गया। हालांकि स्कूल वैन गुरुवार को भी नहीं चलीं, जिस वजह से कई बच्चे सुबह स्कूल नहीं पहुंचे। वहीं अभिभावकों को भी बच्चों को स्कूल ले जाने के लिए परेशान होना पड़ा। दो दिन से पेट्रोल पंपों पर लगी भीड़ भी अब खत्म हो गई है। प्रदेश के पेट्रोल पंपों पर सरकार द्वारा पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल उपलब्ध करवाने की व्यवस्था की जा रही है। हड़ताल के पहले दिन ही 1 जनवरी को सुबह से रात तक वाहनों में पेट्रोल-डीजल डलवाने के लिए लोगों की भीड़ लगी रही थी। हिट एंड रन कानून के विरोध में ड्राइवरों की हड़ताल का दूसरे दिन मंगलवार को प्रदेश भर में व्यापक प्रभाव रहा। अधिकांश पेट्रोल पंपों में ईंधन का स्टाक खत्म हो जाने के कारण लोग दिनभर भटकते रहे। हालांकि रात में कुछ पंपों में ईंधन मिलने लगा था। प्रशासन ने कई स्थानों पर सख्ती करते हुए ऐसे हड़तालियों पर कार्रवाई भी की, जिनके कारण गाड़ियां बीच रास्ते में रुक गईं। कई स्थानों पर प्रदर्शनकारियों से बहस भी हुई। ड्राइवरों की हड़ताल से आवक ठप होने के कारण सब्जियां भी महंगी बिकीं। वहीं देर रात ड्राइवरों की हड़ताल वापस हो गई।

आल इंडिया ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के छत्तीसगढ़ प्रभारी सुखदेव सिंह सिद्धू ने बताया कि सरकार से मिले आश्वासन के बाद यह निर्णय लिया गया है। रायपुर पेट्रोल-डीजल एसोसिएशन के महामंत्री अभय भंसाली ने बताया कि सभी पेट्रोल पंपों में पर्याप्त स्टाक है। प्रशासन के साथ एसोसिएशन की इस संबंध में बैठक हो चुकी है। ड्राइवरों को भी समझाया जा रहा है। मंगलवार को जिन पेट्रोल पंपों में ईंधन का स्टाक था, उनमें सुबह से ही ग्राहकों की लंबी कतार लगी रही। हालात को देखते हुए हर कोई वाहनों का टैंक फुल कराता रहा ताकि दो-चार दिन कोई परेशानी न हो। हालांकि दोपहर तक यहां भी ईंधन का स्टाक खत्म हो गया। शाम के बाद कुछ पंपों में ईंधन मिला। ड्राइवरों की हड़ताल के चलते पेट्रोल पम्पों पर गाड़ियों की लंबी कतार लगी रही। इसके चलते अनेक स्थानों पर जाम की स्थिति भी बनी।

### सवारी के साथ स्कूल बसें भी नहीं चलीं

ड्राइवरों की हड़ताल का असर स्कूल व कालेज की बसों पर भी पड़ा। पेट्रोल-डीजल नहीं मिलने के कारण बसें मंगलवार को नहीं चलीं। वहीं, सवारी बसों के पहिए भी थमे रहे। इससे लोग परेशान होते रहे। वहीं दूसरी ओर इसके चलते रेलवे स्टेशन में काफी भीड़ रही। इनमें से बस स्टैंड से पहुंचने वाले यात्री भी काफी संख्या में थे। बसें बंद होने का दबाव रेलवे स्टेशन पर साफ नजर आया। यहां सामान्य दिनों की अपेक्षा लगभग दोगुने यात्री नजर आए। इसके चलते ट्रेनों में चढ़ने के लिए और सीट पाने के लिए आपाधापी की स्थिति बनी रही। विशेषकर लोकल ट्रेनों में चढ़ने के लिए यात्रियों को काफी मशक्कत करना पड़ा। सबसे ज्यादा परेशानी उन लोगों को हुई, जो परिवार के साथ सामान लेकर पहुंचे थे। महिलाओं और युवतियों को भी ट्रेन पर चढ़ने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी।

### सब्जियों की कीमतें बढ़ गई

ड्राइवरों की हड़ताल का सब्जियों की आवक पर भी प्रभाव पड़ा। मंगलवार को थोक सब्जी बाजार में सब्जियों की आवक 80 प्रतिशत तक घट गई। हालांकि ग्राहकी नहीं होने के कारण यहां सन्नाटा पसरा रहा, लेकिन कमजोर आवक का असर सब्जियों की कीमतों पर पड़ा। एक ही दिन में सब्जियों की कीमतें 40 प्रतिशत तक महंगी हो गईं। सोमवार तक जो टमाटर 20 रुपये किलो में बिक रहा था, मंगलवार को उसकी कीमत 30 से 35 रुपये किलो, 60 रुपये किलो तक बिकने वाली गोभी 70 रुपये किलो, परवल 60 रुपये किलो, बरबट्टी 60 रुपये किलो, बैगन 50 रुपये किलो और कुम्हड़ा-लौकी 40 रुपये किलो तक बिका।

# रामलला उत्सव से छत्तीसगढ़ भी गदगद

## 3000 क्विंटल चावल के बाद अब भेजी जाएगी 100 टन सब्जी

श्रीकंचनपथ न्यूज़





**रायपुर।** अयोध्या में रामलला उत्सव की तैयारियों के बीच श्रीराम के ननिहाल छत्तीसगढ़ में भी उल्लास चरम पर है। 3000 क्विंटल सुगंधित चावल भेजने के बाद अब छत्तीसगढ़ 1000 क्विंटल सब्जियां भी भेजने को तैयार है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इसकी घोषणा की। इसके साथ ही श्री साय ने 22 जनवरी को श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर पूरे छत्तीसगढ़ में शुष्क दिवस का भी ऐलान किया। इस दिन शराब के साथ ही मांस दुकानें भी बंद रहेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि छत्तीसगढ़ भगवान श्रीराम का ननिहाल है। प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को लेकर छत्तीसगढ़ में उत्सव का माहौल रहेगा। इस दिन घरों में दीपावली की तरह दीप भी प्रज्वलित किए जाएंगे। इसके साथ ही उन्होंने लोगों से अपील की है कि इस दिन अपने घरों को दीपावली की तरह स्वच्छ करके भगवान श्रीराम के आदर्शों को आत्मसात करते हुए दीपक जलाएं।

नए साल की शुरुआत के साथ अयोध्या में भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी तेज हो गई है। इसी महीने के 22 तारीख को प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव मनाया जाएगा। इसको लेकर देशभर में गजब का उत्साह है। खासकर छत्तीसगढ़ के लोगों की भगवान राम से विशेष श्रद्धा है, क्योंकि छत्तीसगढ़ भगवान राम का ननिहाल है। इस लिहाज से छत्तीसगढ़ के लोग अयोध्या में चल रही तैयारी में अपनी ज्यादा ज्यादा भूमिका में रहने की कोशिश में है। 300 मीट्रिक टन सुगंधित चावल भेजने के बाद अब ननिहाल से 100 टन सब्जी भेजने की तैयारी तेज हो गई है। दरअसल मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से राज्य अतिथि गृह पहुना में छत्तीसगढ़ युवा प्रगतिशील किसान संघ के सदस्यों ने मुलाकात की। इस दौरान किसानों ने मुख्यमंत्री को दुर्ग जिले के कुम्हारी में 12 और 13 जनवरी को आयोजित दो दिवसीय किसान मेला में शामिल होने के लिए न्योता दिया। इसके साथ किसान संगठन ने 100 टन सब्जी अयोध्या भेजने का निर्णय लिया। इस पर भी किसानों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से चर्चा की तो मुख्यमंत्री ने किसानों के इस प्रयास पर मुहर लगा दी। अब जल्द ही किसान 100 टन सब्जियां इकट्ठा करेंगे, इसके बाद सब्जियों को बड़ी खेप भगवान राम को अर्पण करेंगे।

### श्रीराम के मामाओं ने भेजा चावल

पिछले महीने 30 दिसंबर को 300 मीट्रिक टन सुगंधित चावल अयोध्या भेजा जा चुका है। रायपुर के राम मंदिर से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 11 ट्रक को भगवा झंडा दिखाकर रवाना किया था। इसके लिए छत्तीसगढ़ के राइस मिलर्स ने प्रदेशभर से 300 मीट्रिक टन चावल जुटाया था। इस चावल से अयोध्या में भगवान राम को भोग लगाया जाएगा और भंडारे में इसका उपयोग किया जाएगा। वहीं राइस मिलर्स एसोसिएशन ने कहा था कि छत्तीसगढ़ भगवान राम का मामा पक्ष है, इसलिए छत्तीसगढ़ श्रीराम का ननिहाल है और मायरू स्वरूप 300 टन चावल अयोध्या भेजा जा रहा है। गौरतलब है कि भगवान राम की कर्मस्थली अयोध्या को माना जाता है। लेकिन उनकी तपो स्थली जहां उन्होंने 10 साल से ज्यादा वनवास काटा वो जगह छत्तीसगढ़ है। रायपुर से 27 किलोमीटर दूर चंदखुरी में भगवान राम की माता कौशल्या का जन्म स्थली है। जहां माता कौशल्या के गोद में रामलल्ला बैठे है, इसलिए छत्तीसगढ़ भगवान राम को भांजा राम की तरह मानता है। छत्तीसगढ़ को भगवान राम का ननिहाल माना जाता है और राज्य में लोग भगवान राम को भांजा का रिश्ता मानते है।

### मेले में प्रदर्शनी और संगोष्ठी भी

किसान संघ के अध्यक्ष विरेन्द्र लोहान ने मुख्यमंत्री को बताया कि 12 जनवरी से आयोजित दो दिवसीय मेले में किसान भाइयों के लिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों के कृषि उत्पादों एवं आधुनिक यंत्रों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। साथ ही कृषि विशेषज्ञों की संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि संघ से जुड़े किसानों ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण कार्य में योगदान के लिए 100 टन सब्जी भेजने का निर्णय लिया है। हालांकि किसान संघ की तरफसे अभी ये साफ नहीं हुआ है कि सब्जियां किस तारीख को अयोध्या रवाना की जाएगी। गौरतलब है कि रामायण काल में छत्तीसगढ़ को दक्षिण कौशल के नाम से जाना जाता था। राजा दशरथ ने दक्षिण कौशल के राजा भानुमंत की बेटी कौशल्या से विवाह किया। इसके बाद अयोध्या और दक्षिण कौशल का रिश्ता जुड़ गया। छत्तीसगढ़ को भगवान राम का ननिहाल माना गया। इसके पीछे आधार ये है कि देश में एकमात्र कौशल्या माता मंदिर छत्तीसगढ़ में है।



## भीषण हादसा: ट्रक से भिड़ी बस, 14 लोगों की मौत, 27 गंभीर रूप से घायल

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** असम में बुधवार सुबह एक बड़ा हादसा हुआ। यहां के डेरागांव में 45 लोगों को ले जा रही एक बस ट्रक से भिड़ गई। इस हादसे में कम से कम 14 लोगों की मारे जाने की खबर है। वहीं, 27 लोग गंभीर रूप से घायल हैं।

पुलिस का कहना है कि बस में बैठे लोग पिकनिक पार्टी के लिए अठखेलिया से बलिजान की तरफ जा रहे थे। रास्ते में ही यह बस एक ट्रक से टकरा गई। अधिकारियों ने बताया कि बस का सफर सुबह तीन बजे शुरू हुआ था। रास्ते में ही कोयले से लदे ट्रक से उसकी टक्कर हो गई।

दुर्घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और राहत-बचाव कर्मियों की एक टीम घटनास्थल पर पहुंच गई। घायलों को जोरहाट मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। एक अफसर ने कहा कि कई घायलों की स्थिति नाजुक बनी हुई है। घटना कैसे हुई पुलिस इसकी जांच में जुटी है।

## एक और मामले में फंसी महुआ मोइत्रा, अपने पूर्व प्रेमी की निगरानी करवाने का लगा आरोप

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की सांसद महुआ मोइत्रा संसद में सवाल के बदले पैसे लेने के मामले में अपनी सदस्यता गंवाने के बाद अब एक नए विवाद में फंसती दिख रही है। दरअसल, जिस व्यक्ति ने सांसद मोइत्रा पर सवाल के बदले पैसे लेने का आरोप लगाए थे, उसी ने इस बार महुआ मोइत्रा पर बंगाल पुलिस की मदद से अवैध निगरानी करवाने का आरोप लगाया है।



### महुआ मोइत्रा पर लगा एक और आरोप

सुप्रीम कोर्ट के वकील जय अनंत देहाद्राई ने महुआ मोइत्रा पर अपने पूर्व प्रेमी की निगरानी कराने का आरोप लगाया है। इस मामले में उन्होंने 29 दिसंबर को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और सीबीआई निदेशक प्रवीण सूद को एक चिट्ठी लिखी। उन्होंने बताया कि टीएमसी नेता अपने पूर्व प्रेमी को उनके फोन नंबर के जरिए ट्रैक कर रही है। साथ ही वह बंगाल पुलिस के कुछ वरिष्ठ अधिकारियों की मदद से कॉल डिटेल रिकॉर्ड भी प्राप्त कर रही है।

### अपने पूर्व प्रेमी को ट्रैक करती थी बंगाल की सांसद

देहाद्राई ने अपने आरोप पत्र में कहा कि महुआ मोइत्रा 2019 में सुहान मुखर्जी नाम के एक व्यक्ति को ट्रैक कर रही थी। उन्होंने कहा, 'महुआ ने मुझे मौखिक और लिखित रूप से बताया था कि वह अपने पूर्व प्रेमी को ट्रैक कर रही थी, क्योंकि उसे उस पर एक जर्मन महिला के साथ रिलेशन में होने का शक था। सुप्रीम कोर्ट के वकील ने अपनी चिट्ठी में कुछ चैट के स्क्रीनशॉट भी लगाए हैं।

सुप्रीम कोर्ट के वकील देहाद्राई के आरोपपत्र पर प्रतिक्रिया देते हुए बंगाल की सांसद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इन आरोपों का जवाब दिया है। उन्होंने कहा, मैं गृह मंत्रालय से आग्रह करती हूं कि भारत के सभी एक्स बॉयफ्रेंड्स की शिकायतों की जांच के लिए विशेष सीबीआई निदेशक नियुक्त किया जाए।ट हालांकि, कुछ ही घंटों बाद महुआ ने यह पोस्ट डिलीट कर दिया था।

## कुंभ कहें या पुन्नी मेला, इन बातों का रखें ध्यान

श्रीकंचनपथ न्यूज




छत्तीसगढ़ के राजिम में तीन नदियों – महानदी, पैरी और सोंढूर का संगम है। इस स्थान पर सैकड़ों वर्षों से माघी पुन्नी (पूर्णिमा) मेला मनाया जाता रहा है। 1909 के गजेटियर में भी इसका उल्लेख मिलता है। 2001 में राज्य गठन के बाद इसे राजीव लोचन महोत्सव का नाम दिया गया। 2005 में तत्कालीन सरकार ने इसका नाम राजिम कुंभ रख दिया। 2019 में इसका नाम एक बार फिर माघी पुन्नी मेला रख दिया गया। अब 2024 में इस आयोजन को फिर से राजिम कुंभ का नाम दिया जा रहा है। नामकरण को मुद्दा न बनाएं तो एक बात स्पष्ट है कि सभी सरकारों ने राजिम में लगने वाले माघ मेले को धार्मिक पर्यटन का रूप देने की कोशिश की। किसी भी तरह के पर्यटन का स्थानीय अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक असर होता है। मूल रूप से देश के चार स्थानों पर कुंभ का आयोजन किया जाता रहा है। पौराणिक कथाएं तथा ज्योतिषीय गणनाएं इसका आधार हैं। पुराणों के अनुसार महर्षि दुर्वासा के श्राप से दुर्बल हुए इंद्र और देवताओं पर असुरों ने आक्रमण कर दिया था। तब भगवान विष्णु ने देवताओं को असुरों के साथ मिलकर समुद्र मंथन करके अमृत निकालने को कहा। अमृत कलश निकला तो इंद्र का पुत्र जयंत उसे लेकर उड़ गया। असुरों ने जयंत का पीछा कर उसे पकड़ लिया और घमासान मच गया। इस दौरान अमृत की कुछ बूंदे छलक गईं। पहली बूंद प्रयाग में, दूसरी हरिद्वार में, तीसरी उज्जैन और चौथी बूंद नासिक में गिरी। इसीलिए इन चार स्थानों को पवित्र माना जाता है और कुंभ मेले का आयोजन इन्हीं स्थान पर किया जाता है। अमृत कलश के लिए युद्ध 12 दिनों तक चला था। यह 12 दिन पृथ्वी पर 12 साल के बराबर होते हैं। ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार जब बृहस्पति वृष राशि में प्रवेश करते हैं और सूर्य मकर राशि में होते हैं तब कुंभ का आयोजन प्रयाग में होता है। सूर्य मेष राशि में और बृहस्पति कुंभ राशि में प्रवेश करते हैं तो यह आयोजन हरिद्वार में होता है। सूर्य और बृहस्पति जब सिंह राशि में प्रवेश करते हैं तब महाकुंभ मेला नासिक में होता है। इसी तरह जब बृहस्पति सिंह राशि में और सूर्य मेष राशि में प्रवेश करते हैं तब कुंभ का आयोजन उज्जैन में किया जाता है। जबकि राजिम कुंभ हर साल लगाया जाता है। यही कारण है कि कुछ साधु-संतों और अखाड़ों ने राजिम कुंभ के नाम पर आपत्ति जताई थी। नामकरण को एक तरफ रखकर गौर करें तो कुंभ मेलों का आयोजन हमें कुछ महत्वपूर्ण संदेश भी देते हैं। ब्रह्म पुराण के अनुसार कुंभ के दौरान 14 प्रकार के कार्यों को अपवित्र बताया गया है। इनमें साबुन लगाकर नदी में स्नान करना, नदी में कपड़े-बर्तन धोना, कूड़ा-कचरा फेंकना, मल-मूत्र त्यागना, शवों को बहाना, आदि वर्जित है। इनका पालन कर हम अपनी नदियों और जलीय जीवों के जीवन की रखा कर सकते हैं।


Digital Display Board
के माध्यम से
अपने व्यवसाय को दे
नई पहचान...



- रायपुर
- दुर्ग
- बिलासपुर
- कोरबा
- रायगढ़
- चांपा
- मुंगेली

19 एलईडी स्क्रीन वॉल

Harsh Media Advertisers



बिलासपुर रेलवे स्टेशन में स्थापित
48 एलईडी टीवी

Bhagat singh Chwok, Near CM House, Raipur, Chhattisgarh
Contact: 9131425618, 9827806026

## संपादकीय

### कानून और आशंकाएं

भारतीय न्याय संहिता में 'हिट ऐंड रन' मामलों के लिए जो कानूनी प्रावधान किया गया है, उसमें पहली नजर में कोई खोट नजर नहीं आता। धारा 104(2) का प्रावधान सड़क पर हुई किसी दुर्घटना के दौरान वाहन चालक की जिम्मेदारी तय करने और उसका व्यवहार बदलने की एक कोशिश दिखाई देता है। आमतौर पर दुर्घटना के बाद वाहन चालक घटनास्थल से भाग निकलता है, इसीलिए ऐसे मामलों को 'हिट ऐंड रन' केस कहते हैं। संसद से पारित यह नया प्रावधान कहता है कि दुर्घटना के समय वाहन चालक की पहली जिम्मेदारी है, घायल को अस्पताल पहुंचाना। वह ऐसा नहीं करता है, तो उसे इसके लिए दस साल की सजा और दस लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। इस कानून ने पूरे देश के ट्रक और बस ड्राइवरों को उद्वेलित कर दिया है और उन्होंने नया साल शुरू होते ही चक्का जाम कर दिया। गुजरात के राजमार्ग पर 25 किलोमीटर लंबा जाम होने की खबर आ रही है। एक ही दिन की हड़ताल के बाद चंडीगढ़ जैसे शहर के पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल खत्म हो चुका है, उनके बाहर वाहनों की लंबी लाइनें लग गई हैं। हजारों लोग जो पूरे उत्तर भारत से नया साल मनाने के लिए मनाली या शिमला गए थे, वे वहीं अटक गए हैं। उनकी गाड़ियों में ईंधन नहीं बचा और सप्लाई पहुंचाने वाले वाहन पेट्रोल पंपों तक पहुंच ही नहीं सके हैं। डर है कि आने वाले कुछ घंटों में कई जगहों पर खाने-पीने के सामान की किल्लत हो सकती है। सवाल है, आखिर वाहन चालक इतने नाराज क्यों हैं?

> व्यावसायिक वाहनों के चालकों के अभी तक जो बयान आए हैं, उनके अनुसार, वे लंबी हड़ताल की तैयारी कर रहे हैं। सिर्फ डेढ़ दिन की ही हड़ताल से कैसी मुसीबतें पैदा हो आई हैं, इन्हें हमने मंगलवार को चंडीगढ़ और उसके आस-पास देख लिया है।

वाहन चालकों का जो तर्क है, उसे पूरी तरह खारिज भी नहीं किया जा सकता। उनका कहना है कि दुर्घटना के बाद अगर वे घटनास्थल से न भागें, तो वे भीड़ हिंसा के शिकार हो सकते हैं। दुर्घटना के बाद भागना उनका आपराधिक कृत्य नहीं है, बल्कि आत्मरक्षा की कोशिश है। इसलिए इसे अपराध मानकर इसके लिए सजा और जुर्माने का प्रावधान ठीक नहीं है। ऐसे बहुत सारे मामले हैं, जहां दुर्घटना के बाद भीड़ ने वाहन चालक को बुरी तरह पीटा। भीड़ जब इस तरह का बर्ताव करती है, तब वह नहीं देखती कि दुर्घटना में दरअसल गलती किसकी थी? सड़कों पर बेपरवाही से वालन चलाते अक्सर बहुत सारे चालक दिख जाते हैं, जिनकी वजह से दुर्घटनाएं होती हैं, मगर हर दुर्घटना में वाहन चालक को ही दोषी मान लेना ठीक नहीं कहा जा सकता। व्यावसायिक वाहनों के चालकों के अभी तक जो बयान आए हैं, उनके अनुसार, वे लंबी हड़ताल की तैयारी कर रहे हैं। सिर्फ डेढ़ दिन की ही हड़ताल से कैसी मुसीबतें पैदा हो आई हैं, इन्हें हमने मंगलवार को चंडीगढ़ और उसके आस-पास देख लिया है। कोशिश यह होनी चाहिए थी कि ऐसी नौबत ही न आती। मगर देश में दुर्भाग्य से एक धारणा यह बन गई है कि जब तक हड़ताल न हो और बाधा न पहुंचाई जाए, तब तक कोई सुनवाई ही नहीं होती। कुछ हद तक यह धारणा है, तो कुछ हद तक लोगों का कटु अनुभव भी। अनेक मामलों में यह देखा गया है कि जिम्मेदार अधिकारी हालात बिगड़ने का मानो इंतजार करते हैं। समस्या गंभीर रूप ले, इसके पहले सरकार को वाहन चालकों और उनके संगठनों से बात करनी होगी। दुर्घटनाग्रस्त लोगों को समय पर चिकित्सा सुविधा मिल सके और उन्हें सड़क पर बेहाल न छोड़ दिया जाए, इसे लेकर सरकार की चिंता बहुत वाजिब है, लेकिन इसे लेकर बनाया गया कानून अगर किसी के मन में ज्यादा आशंकाएं पैदा कर रहा है, तो उसका समय रहते निवारण भी जरूरी है।

## आधी रात से युद्ध बंद

कल आधी रात के समय काश्मीर में सब मोर्चों पर लड़ाई बन्द कर दी गई। उससे पूर्व दोनों ओर से चेतावनी दी गई कि लड़ाई बन्द होने में अब केवल पन्द्रह मिनट शेष हैं। उसके बाद बारह बजे से एक मिनट पहले दोनों ओर से सैनिक बिगुल बजाये गये और यह घोषित कर दिया गया कि काश्मीर में लड़ाई बन्द कर दी गई है। भारत के प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने इलाहाबाद में, जहां वे अपनी भानजी कुमारी तारा पंडित के विवाह में सम्मिलित होने के लिए गये हैं, एक सार्वजनिक सभा में हर्ष-ध्वनियों के बीच घोषित किया कि 1 जनवरी को 12 बजे से एक मिनट पूर्व से लड़ाई बन्द करने की आज्ञा दे दी गई है। भारत सरकार ने अपने प्रधान सेनापति को यह अधिकार दे दिया था कि वे पाकिस्तान के प्रधान सेनापति को यह सूचना दे सकते हैं कि यदि पाकिस्तान के सेनापति अपनी ओर से वैसा ही कदम उठाने का आश्वासन दें, तो भारतीय सेनायें लड़ाई बन्द कर देंगी। पाकिस्तान के प्रधान सेनापति ने अपनी सरकार की स्वीकृति से यह आश्वासन दे दिया है। कल दोपहर को पत्रकारों को बुलाकर वैदेशिक विभाग ने काश्मीर में युद्ध बन्द होने की घोषणा की प्रतियां दे दीं।

काश्मीर-कमीशन के मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि एरिक कोलबन को, जो इस समय नई दिल्ली में हैं, भारत और पाकिस्तान सरकारों के बीच हुए इस समझौते की सूचना दे दी गई थी कि काश्मीर की लड़ाई पहली जनवरी की रात को बारह बजने से एक मिनट पूर्व बन्द हो जायेगी। भारत सरकार की ओर से प्रकाशित विज्ञप्ति में कहा गया है- "अभी हाल में काश्मीर-कमीशन के एक सदस्य डॉ. अल्फ्रेडो लोजानो और संयुक्त राष्ट्र संघ के मुख्यमंत्री के निजी प्रतिनिधि एरिक कोलबन दिल्ली और कराची आये थे। उन्होंने कमीशन के 13 अगस्त के प्रस्ताव के तीसरे भाग की पूर्ति के संबंध में बातें कीं। उनकी तजवीजों में जम्मू-काश्मीर में सामान्य स्थिति स्थापित होने पर जनमत लेने के लिए कुछ सिद्धांत दिये हुये थे। ... कमीशन की नई तजवीज जल्दी ही घोषित की जायेगी। किंतु चूंकि ये तजवीजें स्वीकार कर ली गई हैं, इसलिए लड़ाई जारी रखने का कोई कारण नहीं रहता। ...प्रवक्ता ने यह बताने से इन्कार कर दिया कि डा. लोजानो की तजवीज क्या है।

## मगर धरती पर मौजूद समस्याओं का क्या

देश किसी भी क्षेत्र में तरक्की करे, तो एक भारतीय होने के नाते खुश होना स्वाभाविक है, मगर कई बार जब उपलब्धियों को उसके संदर्भ से अलग करके और बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जाने लगता है, तो चिंता होती है। इसका खामियाजा देश और देशवासियों को दूसरे क्षेत्रों में भुगतना पड़ता है। एक्सपोसैट के सफल प्रक्षेपण पर इसरो को बधाई, लेकिन क्या देश के दूसरे विभागों का इस पर उछलना जायज है? दरअसल, वे राष्ट्रवाद का जोश पैदा कर अपनी-अपनी नाकामियों की तरफ से लोगों का ध्यान हटाना चाहते हैं। अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में हो रहे अनुसंधानों का लाभ देश को आने वाले समय में मिलेगा, लेकिन देश की धरती पर जो समस्याएं अभी हैं, उनका क्या? गौर कीजिए, जिस तरह चंद्रयान-3 की कामयाबी के बाद पूरे देश में जुनून पैदा किया गया, उस समय पूरा मणिपुर खौफऔर हिंसा से ग्रस्त था, हफ्तों से अनेक लाशें अंतिम संस्कार के लिए मुर्दाघरों में पड़ी थीं। राज्य के निर्वाचित विधायक एक से दूसरे इलाके में जाते हुए डर रहे थे। उनके लिए चंद्रयान का सतह पर उतरना कैसे महत्वपूर्ण हो सकता है? चांद पर पानी मिला, तो धरती के लोग वहां के पानी की चिंता करें या यहां नदियां दूषित हो रहीं, उसके लिए चिंतित हों? किसी भी क्षेत्र की उपलब्धि पर खुशी एक संतुलन मांगती है। एक्सपोसैट के लिए देश के वैज्ञानिक परिश्रम कर रहे थे, उन्होंने अपने अध्ययन, ज्ञान और प्रयोगधर्मिता के जरिये एक सफलता अर्जित की, लेकिन उसके शोर में हम कैसे भूल जाएं कि एक्सपोसैट के प्रक्षेपण के दिन ही मणिपुर में फिर चार लोगों की हत्या कर दी गई, पांच थाना क्षेत्रों में कर्फ्यू लगाने की स्थिति बन आई और पूरे पूर्वोत्तर में आशंकाओं का कोहरा फिर से घना हो उठा?

> प्रमुख विपक्षी दल बीएनपी के साथ 17 दल हैं, जो चुनाव में भाग नहीं ले रहे हैं। दूसरी ओर, चुनाव में 27 दल भाग ले रहे हैं, जिनमें सत्ताधारी अवामी लीग और जातीय पार्टी शामिल हैं।

# बांग्लादेश में बज रहा चुनावी बिगुल

संजय के भारद्वाज

बांग्लादेश में बारहवीं जातीय संसद का चुनाव हो रहा है और 7 जनवरी को मतदान है। इस चुनाव से भी विवाद जुड़ गए हैं, तो कोई आश्चर्य नहीं। बांग्लादेश में 1973 से 2024 तक हुए ज्यादातर चुनावों में किसी न किसी तरह का विवाद देखा गया है। भारत के इस निकट पड़ोसी देश में दो मुख्य राजनीतिक दल हैं- सत्ताधारी अवामी लीग, जिसका नेतृत्व बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान कर रहे थे और अब उनकी बेटी शेख हसीना कर रही हैं। इस दल का बांग्लादेश के स्वतंत्रता संग्राम में बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इसी वजह से यह कार्यकर्ता आधारित दल है और इसकी पहुंच बांग्लादेश के हरेक वर्ग तक है। यह दल बांग्ला राष्ट्रवाद में विश्वास करता है। इसका समाजवाद की ओर झुकाव है। साथ ही, यह लोकतंत्र व धर्मनिरपेक्षता को महत्व देता है। भारत के साथ इस दल के हमेशा से ही बेहतर रिश्ते रहे हैं।

साल 1971 में बांग्लादेश की आजादी के बाद अवामी लीग सत्ता में आई थी, पर बंगबंधु की हत्या के बाद वहां सैन्य शासन स्थापित हो गया। जियाउर रहमान सैनिक शासक बने और इन्होंने साल1978 में अपना राजनीतिक दल खड़ा किया- बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी यानी बीएनपी। आज बांग्लादेश में यह दूसरी अहम पार्टी है, पर इसने वर्तमान चुनावों का बहिष्कार कर रखा है। बीएनपी का झुकाव मुख्य रूप से इस्लाम की ओर रहा है और जो लोग अलग बांग्लादेश के निर्माण के पक्ष में नहीं थे, उन्होंने बीएनपी का समर्थन किया।

बांग्लादेश में यही दोनों दल मुख्य रूप से सियासत में हावी रहे हैं। एक दल देश की आजादी की लड़ाई से उपजा है, तो दूसरे को सैन्य शासन ने जन्म दिया है। इन दोनों दलों के बीच संघर्ष की राजनीति रही है और दोनों में एक-दूसरे के प्रति असहिष्णुता भी लगातार बनी रही है। बांग्लादेश की सियासत में कोई आज पहली बार उथल-पुथल नहीं मच रही है।



वहां लोकतांत्रिक संस्थाओं को अपने हिसाब से चलाने की कोशिश पहले भी खूब हुई है और इसीलिए दोनों मुख्य दलों के बीच कटु संघर्ष का सिलसिला भी चलता रहा है।

बीएनपी की मांग थी कि कार्यवाहक सरकार के तहत ही आम चुनाव हों, पर अवामी लीग सरकार इसके लिए तैयार नहीं थी। वैसे, साल 1996 में जब चुनाव हुए, तब अवामी लीग सत्ता में आई थी और उसी ने चुनाव के समय कार्यवाहक सरकार का प्रावधान संविधान में किया था। साल 2001 में इसी प्रावधान के तहत चुनाव हुआ और बीएनपी सत्ता में आ गई थी। अगली बार जब चुनाव हुआ, तो बीएनपी ने मनमानी करने की कोशिश की, मगर अवामी लीग ने उसे स्वीकार नहीं किया, तब सेना को हस्तक्षेप करना पड़ा था।

बांग्लादेश में साल 2008 में महत्वपूर्ण बदलाव हुआ। अवामी लीग ने कहा था कि अगर हम सत्ता में आए, तो 1971 की भावनाओं को पुन स्थापित करेंगे। बांग्ला राष्ट्रवाद, समाजवाद, धर्मनिरपेक्षता और लोकतंत्र को स्थापित करेंगे। युवाओं ने दिसंबर 2008 के चुनाव में अवामी लीग को पूरा समर्थन दिया और 2009 से आज तक अवामी लीग सत्ता में है। 2014 में चुनाव हुए, 2018 में चुनाव हुए और अब 2024 में चुनाव हो रहे हैं। अब जो मुख्य मुद्दा उभरकर सामने आ रहा है कि 2018 में बीएनपी ने चुनावों में भाग लिया था और उसकी बुरी तरह से हार हुई थी। तब अवामी लीग और प्रधानमंत्री शेख हसीना बहुत मजबूत स्थिति में थीं। शेख हसीना आज बड़ी नेता हैं और आर्थिक मोर्चे पर उनका जो प्रदर्शन रहा है, वह काबिलेगौर है। बांग्लादेश उनके नेतृत्व में न्यूनतम विकसित देश से विकासशील अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है और 2041 में बांग्लादेश एक मध्यम आय वाला देश बन जाएगा। बांग्लादेश की स्थिति अनेक दक्षिण एशियाई देशों से बेहतर है। आर्थिक मोर्चे पर तो शेख हसीना की हर जगह तारीफ होती है, लेकिन लोकतंत्र और चुनाव के मोर्चे पर उनकी आलोचना भी हो रही है। इस बार मुख्य विपक्षी पार्टी बीएनपी की पहली मांग थी कि शेख हसीना इस्तीफा दें और दूसरी मांग थी कि चुनाव एक निष्पक्ष कार्यवाहक सरकार के नेतृत्व में हों। यहां यह गौर करने की बात है कि चुनाव के समय कार्यवाहक सरकार का जो प्रावधान था, उसे अवामी लीग सरकार ने साल 2015 में हटा दिया था। अत अभी चुनाव अवामी लीग सरकार के तहत ही हो रहा है। मांग न माने जाने पर नाराज बीएनपी ने चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया है। अभी बीएनपी के साथ करीब 17 दल हैं, जो इस चुनाव में भाग नहीं ले रहे, वहीं दूसरी ओर, चुनाव में 27 दल भाग ले रहे हैं, जिनमें अवामी लीग के साथ जातीय पार्टी भी शामिल हैं। चार नई पार्टियां भी हैं, जो चुनाव में उतरी हैं। इनमें एक तृणमूल बीएनपी है। गौर करने की बात है कि नौ इस्लामी दल भी इस चुनाव में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

चुनाव में अवामी लीग के अलावा जातीय पार्टी की मौजूदगी अच्छी है, जबकि बाकी पार्टियों की भूमिका छोटी है। अवामी लीग बार-बार अपील करती रही है कि सबको चुनाव में भाग लेना चाहिए और चुनाव भय रहित व निष्पक्ष होंगे। चुनाव आयोग भी सुनिश्चित कर रहा है कि निष्पक्ष चुनाव हों और जरूरत पड़ने पर सेना को भी तैनात करने की पूरी तैयारी है।

एक खास पहलू यह भी है कि चुनाव का बहिष्कार कर रहे मुख्य विपक्षी दल बीएनपी में नेतृत्व का संकट है। साल 2001 से 2006 तक जिस तरह से बीएनपी ने शासन किया, वहां कट्टरपंथी व आतंकी ताकतों को बढ़ावा मिला। तब बीएनपी की मुखिया खालिदा जिया प्रधानमंत्री थीं और गलत गतिविधियों को बढ़ाने में उनके बेटे तारिक रहमान की ज्यादा भूमिका थी। उन पर कई तरह के आरोप लगे। अब तारिक रहमान लंदन में निर्वासित जीवन जी रहे हैं और खालिदा जिया की उम्र 80 के करीब पहुंच रही है। वह ज्यादातर समय अस्पताल में रहती हैं। अभी पार्टी को कार्यवाहक अध्यक्ष तारिक रहमान लंदन से ही चला रहे हैं। वहीं से बैठकें ले रहे हैं। इससे स्थानीय नेतृत्व नहीं पनप रहा है। यही कारण है कि बीएनपी वर्तमान सरकार के खिलाफ कोई बड़ा मुद्दा नहीं उठा पा रही है। अभी भी उसकी एक ही रट है कि प्रधानमंत्री शेख हसीना को इस्तीफा देना चाहिए और निष्पक्ष चुनाव कराने चाहिए।

इस बीच, बांग्लादेश में विकास की रफ्तार तेज है। भारत और चीन के साथ मिलकर बांग्लादेश अनेक प्रकार की विकास परियोजनाओं को साकार करने में जुटा है। यह ऐसा मजबूत मोर्चा है, जहां कोई भी विपक्षी दल सवाल नहीं खड़े कर पा रहा है और विपक्ष की यही कमजोरी सत्ता पक्ष के काम आ रही है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# दिल्ली में विश्व-स्तरीय शिक्षा की ओर तेज बढ़ते कदम

आतिशी शिक्षा मंत्री, दिल्ली

साल 2024 में हमारी सरकार अपने कार्यकाल के नौवें साल में दाखिल हुई। पिछले आठ सालों में, कई उतार-चढ़ाव के बावजूद हमारे लिए जो नहीं बदला, वह है हर बच्चे को विश्व-स्तरीय गुणवत्ता वाली शिक्षा देने की हमारी प्रतिबद्धता। 2021 की तुलना में 2023 में दिल्ली सरकार के स्कूलों से नीट क्वालिफाई करने वाले बच्चों की संख्या लगभग तीन गुना बढ़ गई और जेईई मेन व जेईई एडवांस्ड क्वालिफाई करने वालों की संख्या लगभग दोगुनी हो गई। दिल्ली सरकार के स्कूलों में नामांकन लगभग 18 लाख तक पहुंच गया है, जो अब तक की सर्वाधिक संख्या है। यह हमारे स्कूलों के प्रति अभिभावकों के बढ़ते आत्मविश्वास का प्रमाण है। आज जब हम साल 2023 को देखते हैं, तो इस बात को सोचकर बहुत संतोष होता है कि हमने अपने बच्चों की शिक्षा में कोई बाधा नहीं आने दी।

हमारा मानना है कि हर भारतीय के सपनों का भारत तभी बनाया जा सकता है, जब इस देश के हर बच्चे को शिक्षा मिले, एक ऐसी शिक्षा, जो न सिर्फ उन्हें काबिल बनाए, बल्कि एक अच्छा इंसान बनने के लिए भी प्रेरित करे। साल 2015 में दिल्ली और 2022 में जब पंजाब में हमारी सरकार बनी, तब हमने शिक्षा को अपनी पहली प्राथमिकता में रखा, क्योंकि शिक्षा ही एकमात्र जरिया है, जिसके द्वारा हम भारत को दुनिया का नंबर एक देश बना सकते हैं। फरवरी 2023 में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जनकपुरी इलाके में एक और नए स्कूल का उद्घाटन किया। पिछले आठ साल में जिस चीज ने हमें सबसे ज्यादा संतुष्टि दी है, वह है, ऐसे शानदार स्कूल खोलना, जिसमें अत्याधुनिक लेबोरेटरी, ज्ञानवर्द्धक किताबों से समृद्ध लाइब्रेरी, एयर कंडिशंड ऑडिटोरियम, आरामदायक क्लासरूम, स्मार्ट बोर्ड आदि हों। ऐसे हर मौके ने हमें एक अनोखी अनुभूति दी कि हम सही अर्थों में बाबा साहेब आंबेडकर को श्रद्धांजलि दे रहे हैं। इन मौकों ने हमें उन हजारों बच्चों को यह बताने का साहस दिया कि वे भी निजी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों की तरह ही देश का भविष्य हैं। उन्हें इस जिम्मेदारी को समझना होगा।



वर्ष 2023 में हमने कुल सात नए स्कूल, दो स्कूलों में नए अकादमिक खंड का उद्घाटन किया और एक नए स्कूल भवन की नींव रखी। इनमें एक स्कूल हमारे एक राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी के निर्वाचन क्षेत्र में है। राजनीतिक मतभेदों के बावजूद हमने विश्व-स्तरीय सुविधाओं वाला स्कूल बनाया। हमारे लिए राजनीति का अर्थ सार्वजनिक सुविधाओं को बढ़ाना, उन्हें बेहतर बनाना और उसके जरिये लोगों को सशक्त बनाना है। साल 2023 में हमने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा सीधी भर्ती से 324 प्रिंसिपल की नियुक्ति की। शिक्षा निदेशालय, दिल्ली के इतिहास में कभी एक साथ इतनी नियुक्तियां नहीं की गई थीं। 389 वाइस प्रिंसिपल को प्रिंसिपल के रूप में पदोन्नत किया गया। पहली बार दिल्ली सरकार के लगभग सभी स्कूल को नियमित प्रिंसिपल मिला।

हमने विशेष जरूरत वाले बच्चों के लिए डिस्ट्रिक्ट रिसोर्स सेंटर की संख्या को 14 तक पहुंचाया। लगभग 11,000 बच्चों को ऑक्यूपेशनल थेरेपी, फिजियोथेरेपी, स्पीच थेरेपी और क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट की सेवाएं मिल रही हैं। अब हम नौवीं कक्षा से अपने सभी स्कूलों में आधुनिक युग के कौशल से जुड़े विषयों को शुरू करने की तैयारी में हैं, जो बच्चों के करियर विकल्पों को बढ़ाने का काम करेंगे। शुरुआत में पायलट प्रोजेक्ट के आधार पर 10 स्कूलों में छह कोर्स शुरू किए गए हैं।

साल 2023 की कहानी छात्रों को लोकतांत्रिक तरीके से स्व-शासन के लिए तैयार करने की अनूठी पहल 'स्टूडेंट एडवाइजरी बोर्ड' पर बात किए बिना पूरी नहीं होगी। इस अनूठे मंच की मदद से छात्र, लीडर के रूप में न सिर्फ साथी छात्रों का प्रतिनिधित्व करते हैं, बल्कि स्कूलों के मैनेजमेंट से जुड़े मामलों में भी उनकी भागीदारी सुनिश्चित होती है। हम पूरी तरह से कटिबद्ध हैं कि चाहे हमारे रास्ते में कितनी भी बाधाएं क्यों न आएं, यह शिक्षा क्रांति पूरे देश में आगे बढ़ेगी।

# अंतरिक्ष विज्ञान में हमारी बड़ी कामयाबी

साल 2024 का पहला दिन हमारे देश के लिए खुशी लेकर आया, क्योंकि हमने अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में एक और मील का पत्थर स्थापित कर दिया है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने विश्व में दूसरे और देश के ऐसे पहले उपग्रह (एक्सपोसैट) का सफल प्रक्षेपण किया, जो अंतरिक्ष में रेडिएशन, आकाशगंगा, पल्सर और ब्लैक होल का अध्ययन कर इनके बारे में जानकारियां जुटाएगा। हमें उम्मीद है कि इसरों को अपने इस अभियान में भी शानदार सफलता मिलेगी और आसमान से आने वाली हानिकारक किरणों व अन्य चीजों की जानकारी हासिल करके वैज्ञानिक उनका निदान करेंगे। यह हरेक हिन्दुस्तानी के लिए सचमुच गर्व की बात है।



बीते साल का 2 सितंबर का दिन भी हमारे देश के लिए ऐतिहासिक बन गया था, क्योंकि इसी दिन इसरो ने पहले सूर्ययान आदित्य-एल1 का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया था। यह भारत के ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण रॉकेट पीएसएलवी-सी57 के साथ अंतरिक्ष में भेजा गया था। साल 2024 हमारे देश के लिए एक शानदार उपलब्धि लेकर आएगा, क्योंकि इसरो के वैज्ञानिकों के अनुसार, सूर्ययान करीब चार महीनों के बाद सूरज के करीब पहुंचेगा। चंद्रयान-2 की असफलता के बाद इसरो के वैज्ञानिकों ने नए सिरे से काम किया और चंद्रयान-3 को चांद की सतह पर उतार दिया है। चंद्रयान मिशन की कामयाबी से देश का जनमानस इस कदर आह्लादित था कि पूरे देश में मानो त्योहार जैसा माहौल बन गया था। प्रत्येक भारतीय ने इसरो की इस कामयाबी का जश्न मनाया। इसरो ने अपनी कामयाबी के झंडे गाड़कर दुनिया को बता दिया कि सुनो गौर से दुनिया वालो, चाहे जितना तुम जोर लगा लो, लेकिन सबसे आगे होंगे हिन्दुस्तानी। भारत की यह सफलता कितनी बड़ी है, इसका अंदाजा इसी तथ्य से लगाया जा सकता है कि चांद के जिस हिस्से में हमारा यान उतरा, वहां आज तक दुनिया के किसी देश को अपने यान उतारने में कामयाबी नहीं हासिल हो सकी है। रूस और चीन ने भी चंद्रमा के रहस्यों को जानने की काफी कोशिशें कीं, लेकिन वे इसमें सफल नहीं हो सके, जबकि हमारे देश के वैज्ञानिकों ने चंद्रमा पर पानी के साथ-साथ कई अन्य तत्वों का पता लगाया। अगर एक्सपोसैट अपने मकसद में कामयाब रहा, तो नासा को भी इसरो का लोहा मानना पड़ेगा।

इसरो के तेजी से आसमान की ओर बढ़ते कदमों और पृथ्वी से इतर ग्रहों के रहस्यों को खोलने के उसके प्रयासों को देखकर अब पूरी दुनिया दांतों तले अपनी अंगुली दबा रही है।

**राजेश कुमार चौहान, टिप्पणीकार**

## ज्ञान के विजय का समय

भारत की कमजोरी का प्रमुख कारण (लंबे समय तक) उसकी दासता नहीं है, न गरीबी और न आध्यात्मिकता अथवा धर्म की हीनता है, बल्कि वह है विचार-शक्ति का ह्रास, ज्ञान की मातृभूमि में अज्ञान का विस्तार। सर्वत्र मैं विचार करने की अयोग्यता अथवा अनिच्छा देखता हूं। मध्य युग में जो भी रहा हो, इस समय यह प्रवृत्ति महान अवनति का लक्षण है। मध्य युग तो एक रात थी, अज्ञानी आदमी की विजय का समय; आधुनिक विश्व ज्ञान के आदमी की विजय का समय है। जो भी अधिक विचार करके, अधिक खोज करके, अधिक श्रम करके विश्व के सत्य को अधिक थाह और सीख सकेगा, वही अधिक शक्ति प्राप्त करेगा।

यूरोप की ओर देखो, तो तुम्हें दो चीजें दिखाई देंगी, विचार का एक असीम सागर और एक विशाल और तीव्र, पर अनुशासित बल की क्रीड़ा। यूरोप की सारी शक्ति वहीं निहित है। इसी शक्ति के बल पर वह विश्व को निगल सका, हमारे पुरातन तपस्वियों की तरह, जिनकी शक्ति से ब्रह्मांड के देवता भी भयभीत रहते थे। लोग कहते हैं कि यूरोप विनाश के जबड़े में तेजी से घुसा जा रहा है। मैं ऐसा नहीं समझता। सारी क्रांतियां, उखाड़-पछाड़ नए सृजन की प्राथमिक अवस्थाएं हैं। अब भारत को देखो, कुछ एकाकी दिग्गजों को छोड़कर सर्वत्र तुम्हारा 'सीधा आदमी' है, जो न सोचेगा और न सोच सकता है, जिसमें जरा-सी भी शक्ति नहीं है, बस क्षणिक उत्तेजना है। पर यूरोप की शक्ति और विचार की एक विघातक सीमा है। जब वह आध्यात्मिकता के क्षेत्र में प्रवेश करता है, तो उसकी विचार-शक्ति काम करना बंद कर देती है। वहां यूरोप को सब कुछ एक पहेली, धुंधली तत्व-मीमांसा, योगिक विभ्रम जैसा दिखाई देता है। वह अपनी आंखें मलता है, पर कुछ भी साफ-साफ नहीं देख पाता। तब भी अब यूरोप में इस सीमा को भी लांघने का महान प्रयास हो रहा है।

हम अपने पूर्वजों को धन्यवाद दें कि हमारे पास आध्यात्मिक समझ है, और जिसमें भी यह समझ है, उसकी पहुंच के भीतर ऐसा ज्ञान है, ऐसी शक्ति है कि एक फूंक में वह यूरोप की सारी महान शक्ति को तिनके की तरह उड़ा सकता है। किंतु उस शक्ति को पाने के लिए भी शक्ति चाहिए। पर हम शक्ति नहीं, सुगमता के पूजक हो गए हैं।... हमारी सभ्यता अस्थि-पंजर बन गई है, हमारा धर्म बाह्य बातों का मताग्रह बन गया है। जब तक ऐसी परिस्थिति बनी रहती है, भारत का स्थायी पुनरुत्थान असंभव है। हमने शक्ति की साधना छोड़ दी है, इसीलिए शक्ति ने हमें छोड़ दिया। हम प्रेम के योग का अभ्यास करते हैं, पर जहां ज्ञान या शक्ति नहीं, वहां प्रेम टिकता नहीं है, संकीर्णता और क्षुद्रता आ जाती है।

**श्री अरविंद**

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)




# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़






## खास खबर

### जिले का विकास हो सकारात्मक और जनहितैषी : कलेक्टर

**सूरजपुर।** समय सीमा की बैठक में आज विभागों के कार्य प्रणाली को और बेहतर करने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा हुई। प्रशासन अपनी सेवा के स्तर को और बेहतर कैसे कर सके इसके लिए उपस्थित अधिकारियों के समक्ष कलेक्टर संजय अग्रवाल द्वारा नवीन कार्य योजना को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए ताकि जिले का विकास सकारात्मक और जनहितैषी दिशा में हो। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों मॉनिटरिंग के स्तर को बढ़ाने और अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के लिए लक्ष्य निर्धारित करने एवं उसे कैसे प्राप्त किया जा सकता है इस दिशा में कार्य करने के लिए कहा। ब्लॉक लेवल में समस्या समाधान शिविर की शीघ्र होगी शुरूवात- रोजमर्रा के प्रशासनिक मूलभूत कार्य व प्रत्येक स्तर पर शासन की योजनाओं से आम आदमी जुड़ सके इसके लिए कलेक्टर ने उपस्थित संबंधित अधिकारियों को ब्लॉक लेवल पर समस्या समाधान शिविर लगाने के लिए निर्देशित किया, ताकि प्रशासन और आमजन के बीच बेहतर सामंजस्य स्थापित हो और प्रत्येक व्यक्ति को प्रशासन की सेवा बिना किसी बाधा के प्राप्त हो सके। समय सीमा की बैठक में धान खरीदी को लेकर वर्तमान वस्तु स्थिति को लेकर चर्चा की गई।

### गांव-गांव पहुंच रही है संकल्प यात्रा - सांसद

**महासमुंद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी विकसित भारत संकल्प यात्रा का पड़ाव आज महासमुंद विकासखण्ड के ग्राम चिंगरौद, बम्हनी, बरोंडाबाजार और नांदगांव पहुंची एवं यहां शिविर लगाकर योजनाओं की जानकारी और लाभ दिया गया। ग्राम पंचायत बरोंडाबाजार में महासमुंद लोकसभा सांसद चुन्नीलाल साहू बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा वंचितो और अंतिम छोर के व्यक्तियों को शासन की प्रमुख योजनाओं से जागरूक कर उन्हें लाभान्वित कर रही है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की गारंटी वाली गाडियों से भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी डिजिटल स्क्रीन, फ्लेक्स और पोस्टर के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाई जा रही है।

**मुख्यमंत्री ने अबुझमाड़ मलखम्ब अकादमी के हुनरमंद खिलाड़ियों की शानदार उपलब्धियों को सराहा, कहा-**

# आपके प्रदर्शन ने देश-दुनिया में छत्तीसगढ़ का नाम किया रोशन

## नन्हें कदमों की ऊंची छलांग : अब तक इंडिया गॉट टैलेंट विजेता होने के साथ 412 मेडल किया हासिल

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज शाम यहां राज्य अतिथि गृह पहुना में अबुझमाड़ मलखम्ब अकादमी नारायणपुर के मलखम्ब के हुनरमंद खिलाड़ी बच्चों ने भेंट की। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस मौके पर बच्चों के स्नेह पूर्वक बात करते हुए उनके साहसिक भरे प्रतिभा प्रदर्शन की मुक्त कंठ से सराहना की और इसे नन्हें कदमों की एक ऊंची उड़ान भरना बताया।



मुख्यमंत्री श्री साय ने वनांचल के इन बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि मलखम्ब जैसे कठिन विधा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर छत्तीसगढ़ का नाम देश-दुनिया में रोशन किया है। साथ ही मुख्यमंत्री श्री साय ने इसी तरह सतत आगे बढ़ने के लिए बच्चों को प्रोत्साहित भी किया।

इस दौरान बच्चों ने खुशी-खुशी बताया कि अक्टूबर 2023 में आयोजित इंडिया गॉट टैलेंट' सीजन में देश के लगभग 200 टीमों को पछाड़कर उनकी टीम विजय प्राप्त कर चुकी है और आगामी समय में अमेरिकाज गॉट टैलेंट, बिट्रेन गॉट टैलेंट, जर्मन गॉट टैलेंट एवं कनाडियन गॉट टैलेंट आदि प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं में भी भाग लेने की संभावना है।

इसकी तैयारी नियमित तौर पर की जा रही है और उन्हें पूरी उम्मीद है कि इन प्रतियोगिताओं में भी वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। मुलाकात के दौरान टीम में 6 वर्षीय मलखम्ब खिलाड़ी मास्टर सुरेश पोटाई के अलावा मनोज प्रसाद, अजमत फरीदी, समीर शोरी, शुभम पोटाई, राजेश कोर्राम, युवराज सोम, फूलसिंह सलाम, नरेन्द्र गोटा, श्यामलाल पोटाई, राजेश सलाम आदि उपस्थित थे।

इस दौरान मलखम्ब के हुनरमंद खिलाड़ी बच्चों ने बताया कि इंडिया गॉट टैलेंट' में देश के कला जगत के प्रतिष्ठित लोगों के सामने अपनी प्रतिभा प्रदर्शन का सुनहरा अवसर मिला और उन्होंने भी मलखम्ब जैसे कठिन विधा के बारे में जाना और हमारी टीम की लगातार हौसला अफ्जाई करने के साथ ही खूब सराहना की।

गौरतलब है कि अबूझमाड़ मलखम्ब अकादमी नारायणपुर के हाई स्कूल खेल मैदान में 2017 से स्थापित एवं संचालित है। इसमें नारायणपुर जिले के सुदूर वन क्षेत्रों के (अधिकांश अबुझमाड़) के गरीब आदिवासी बच्चे मलखम्ब खेल का प्रशिक्षण लेते हैं। वर्तमान अवधि में यहाँ प्रशिक्षणरत प्रशिक्षणार्थी नारायणपुर के विभिन्न स्कूल/आश्रमों में अध्ययनरत है, जो पार्ट-टाईम अकादमी आकर मलखम्ब खेल का प्रशिक्षण लेकर प्रदेश, राष्ट्रीय एवं अन्तराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अद्यतन स्थिति में कुल 412 मेडल प्राप्त कर न केवल जिला, प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश को गौरवान्वित किया है।

### मुख्यमंत्री से जूनी सरोवर समिति, ढनढनी के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज शाम यहां राज्य अतिथि गृह पहुना में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री दयाल दास बघेल के नेतृत्व में बेमेतरा जिले के नवागढ़ विकासखण्ड के ग्राम ढनढनी से आए जूनी सरोवर समिति के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य मुलाकात की। समिति ने मुख्यमंत्री साय को ग्राम ढनढनी में आयोजित जूनी सरोवर मेला में शामिल होने का आमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री ने इस आमंत्रण के लिए प्रतिनिधिमंडल को धन्यवाद दिया। समिति ने बताया की हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 17 जनवरी से 25 जनवरी तक छेर-छेरा पुन्नी के पावन अवसर पर मद्भागवत महापुराण व विशाल मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर समिति के विक्रम सिंह, राधेश्याम साहू, मेघनाथ साहू, सुरेश साहू, सुनील सहित समिति के अनेक सदस्य मौजूद थे।

**वनवासियों को वन विभाग की योजनाओं से लाभान्वित करने चलेगा विशेष अभियान**

# 100 दिन की कार्ययोजना तैयार करें : केदार कश्यप

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा है कि वनवासियों को वन विभाग की योजनाओं और कार्यक्रमों को तेजी से लाभान्वित करने के लिए अधिकारी 100 दिन की कार्य योजना तैयार करें। उन्होंने वन विभाग के वनाधिकार पट्टा वितरण, इको टूरिज्म, देवगुड़ी संरक्षण, मिशन-बी, मानव-हाथी द्वंद रोकने सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश अधिकारियों को दिए। वे आज नवा रायपुर स्थित अरण्य भवन में विभागीय कामकाज की समीक्षा कर रहे थे।




वन मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि वनवासी भोले-भाले होते हैं। उनसे संबंधित प्रकरणों को पूरी संवेदनशीलता के साथ सुना जाए और उनकी समस्याओं का उचित निराकरण किया जाए। विभागीय योजनाओं का पात्र लोगों को लाभ मिले यह सुनिश्चित करें। संचालित सभी विभागीय कार्य गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें और गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं किया जाए। उन्होंने कहा कि वनोपज वनवासियों से सीधा जुड़ा मुद्दा है। यह उनके जीवन का आधार है। वनवासियों को उनके द्वारा संग्रहित वनोपज का सही दाम मिले। यह सुनिश्चित किया जाए। सभी लोग वनवासियों के हित के लिए कार्य करें, जिससे उन्हें सभी योजनाओं का लाभ मिल सके। इस अवसर पर वनमंत्री केदार कश्यप ने छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ के वार्षिक कैलेण्डर का भी विमोचन किया।

बैठक में वन विभाग के अधिकारियों ने इस मौके पर विभागीय योजनाओं की प्रगति की विस्तृत जानकारी दी। बैठक में अपर मुख्य सचिव वन मनोज कुमार पिंगुआ, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वनबल प्रमुख व्ही. श्रीनिवास राव सहित प्रधान मुख्य संरक्षक वन्य प्राणी सुधीर अग्रवाल, महाप्रबंधक वन विकास निगम तपेश झा, प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ अनिल राय और सचिव वन अनिल साहू सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

**जिला प्रशासन ने ट्रांसपोर्टर और ऑयल कंपनियों के अधिकारियों की ली बैठक**

# वाहन चालक और पंप डीलर्स को सहयोग करने किया गया आग्रह

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** जिला प्रशासन द्वारा ड्राईवर्स की हड़ताल के परिपेक्ष्य मे विभिन्न स्तरों पर तैयारियां की जा रही है। आज कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रास सभाकक्ष में इस संबंध में ट्रांसपोर्टर और ऑयल कंपनियों के अधिकारियों के साथ बैठक हुई। जिसमे अपर कलेक्टर श्री बी.बी पंचभाई, एडिशनल एसपी सचिन्द्र चौबे और कीर्तिमान राठौर उपस्थित थे।




बैठक में श्री पंचभाई ने कहा कि पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस और अन्य आपूर्ति के सामान अतिआवश्यक सेवाओं मे आते हैं। अत: मानवीय दृष्टिकोण को देखते हुए सभी ट्रांसपोर्टर अपने वाहन चालकों से चर्चा कर सुविधाएं निरंतर जारी रखें। बैठक में कहा गया कि सभी डिपो मे संबंधित क्षेत्र के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के नंबर लिखे जाएंगे और इसे वाहन चालको के मध्य जारी किए जाएंगे, ताकि उन्हे आपूर्ति के समय उन्हे आवश्यकता पडने पर सुरक्षा प्रदान की जा सके। ट्रांसपोर्टर और ऑयल कंपनियों को आश्वस्त किया गया कि उन्हे आवश्यता पडने पर हरसंभव सहायता की जाएगी। बैठक में खाद्य अधिकारी श्री अरविंद दुबे एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# आवश्यक वस्तुओं की निर्बाध आपूर्ति एवं निगरानी के लिए दल गठित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** कलेक्टर कार्तिकेया गोयल द्वारा परिवहनकर्ताओं द्वारा की जा रही आकस्मिक हड़ताल से पेट्रोल/डीजल एवं एलपीजी सहित अन्य आवश्यक वस्तुओं की सतत आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका को देखते हुए आवश्यक वस्तुओं के निर्बाध रूप से आपूर्ति/निगरानी हेतु जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, खाद्य विभाग, परिवहन विभाग एवं राजस्व विभाग के अधिकारी/कर्मचारियों का दल गठन किया गया है।

गठित दल में रायगढ़ शहरी क्षेत्र में आयुक्त नगर पालिक निगम रायगढ़ सुनील कुमार चंद्रवंशी, एसडीएम रायगढ़ गगन शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव उपाध्याय, तहसीलदार लोमस मिरी, सहायक खाद्य अधिकारी रायगढ़ मती राबिया खान, खाद्य निरीक्षक रायगढ़ चुड़ामणी सिदार एवं मंडी सचिव बी.आर.नायक को शामिल किया गया है। इसी तरह रायगढ़/पुसौर ग्रामीण क्षेत्र में एसडीएम रायगढ़ गगन शर्मा, अतिरिक्त तहसीलदार रायगढ़ मती नेहा उपाध्याय, तहसीलदार पुसौर शिवम पाण्डेय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रायगढ़ राजेश कुमार साहू, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पुसौर अभिषेक बनर्जी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी पुसौर एस.के.दुबे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी किरोड़ीमल नगर रामायण पाण्डेय, थाना प्रभारी चक्रधरनगर प्रशांत राव, थाना प्रभारी पुसौर सीताराम ध्रुव, खाद्य निरीक्षक पुसौर अंजनी कुमार राव एवं मंडी उप निरीक्षक शंकर दयाल पैकरा को शामिल किया गया है। खरसिया अनुविभाग क्षेत्र में एसडीएम खरसिया रोहित कुमार सिंह, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस खरसिया प्रभात पटेल, तहसीलदार खरसिया शिव कुमार डनसेना, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत खरसिया हिमांशु साहू, मुख्य नगर पालिका अधिकारी खरसिया विक्रम भगत, थाना प्रभारी खरसिया राकेश मिश्रा, खाद्य निरीक्षक खरसिया बनमाली यादव एवं मंडी सचिव शोभाराम पटेल शामिल है। लैलूंगा अनुविभाग क्षेत्र में एसडीएम लैलूंगा सु अक्षा गुप्ता, तहसीलदार लैलूंगा नंद किशोर सिन्हा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत लैलूंगा प्रेम सिंह मरकाम, मुख्य नगर पालिका अधिकारी लैलूंगा अंकुल ठाकुर, थाना प्रभारी लैलूंगा मोहन भारद्वाज, खाद्य निरीक्षक लैलूंगा खुशीराम नायक, मंडी उप निरीक्षक घरघोड़ा सु केशनी कंवर शामिल है। धरमजयगढ़ अनुविभाग क्षेत्र में एसडीएम धरमजयगढ़ डिगेश पटेल, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा, थाना प्रभारी धरमजयगढ़ अमित तिवारी, खाद्य निरीक्षक धरमजयगढ़ अजीत कुजूर एवं मंडी उप निरीक्षक घरघोड़ा सु केशनी कंवर शामिल है।






## खास खबर...

### अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ी

15 जनवरी तक कर सकते है आवेदन

**रायपुर।** सत्र 2023-24 के लिए अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन (नवीन एवं नवीनीकरण) की तिथि बढ़ा दी गई है। यह 15 जनवरी 2024 तक निर्धारित की गई है। पंजीयन स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही ऑनलाईन होगी, जिसके लिए वेबसाइट http://postmatric.scholarship.cg.inc.in/ है। ड्राफ्ट प्रापोजल लॉक के लिए 25 जनवरी और सेन्सन ऑर्डर लॉक के लिए 10 फरवरी तक निर्धारित की गई है। इस संबंध में रायपुर जिला अंतर्गत संचालित समस्त शासकीय/अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग कालेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक एवं आईटीआई आदि के संस्था प्रमुख छात्रवृत्ति प्रभारी एवं उनमें अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते है उन्हें सूचना दी गई है।

निर्धारित तिथियों के पश्चात् शिक्षा सत्र 2023-24 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति ऑनलाइन आवेदन हेतु पोर्टल बंद कर दिया जाएगा। साथ ही ड्राफ्ट प्रापोजल लॉक और सेन्सन ऑर्डर लॉक करने का अवसर प्रदान नही किया जाएगा। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए सहायक संचालक आदिवासी विकास कार्यालय में भी संपर्क किया जा सकता है।

### मंदसौर में 6 से कराते प्रतियोगिता सिमगा के 13 बच्चों का चयन हुआ



**रायपुर।** मध्यप्रदेश के मंदसौर में 6 जनवरी से 8 जनवरी तक होने वाले फुल कांटेक्ट मार्शल आर्ट कराते प्रतियोगिता के लिए बलौदाबाजार जिले के सिमगा ब्लॉक के 13 बच्चों का चयन किया गया है। बच्चों को मंगलवार को भाटापारा विधानसभा के विधायक इंद्र साव नें सिमगा विश्राम गृह में पुष्प गुच्छ और ट्रेक शूट भेंट कर शुभकामनाएं दी।

इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री हिरेन्द्र कोसले, एनएसयूआई जिलाअध्यक्ष विवेक यदु, सत्यजीत सेन्डे, अजीत भट्ट सहित खिलाड़ी अमन सोनी, देवेश रात्रे, नीलेश यादव, सागर तुरकर, तरुण गायकवाड़, आदर्श मानिकपुरी, दुर्गेश्वरी, विभूति नामदेव, स्वेच्छा तिवारी व कोच देवेंद्र प्रताप काठले आदि मौजूद थे। सिमगा। विधायक से मिलते हुए चयनित बच्चे।

### मंदिरों में दर्शन-पूजन कर की नए साल की शुरुआत, पिकनिक स्पॉट हुए गुजलार

**रायपुर।** नई उम्मीदों के साथ नए साल का आगाज हो चुका है। लोगों ने अपने-अपने तरीके से न्यू ईयर मनाया। पिकनिक स्पॉट, गार्डन सहित पार्कों में भी नए साल का जश्न मनाने पर्यटकों और सैलानियों की भीड़ नजर आई। वहीं नए साल पर सुबह से ही तिल्दा-नेवरा इलाके के छोटे-बड़े मंदिरों में भीड़ उमड़ी।

श्रद्धालु पूजा करने के लिए परिवार सहित मंदिर पहुंचे। नई उम्मीदों के साथ नए साल का स्वागत करने लोग सबसे पहले मंदिर पहुंचे। फूल, माला और धूप, दीप, नैवेद्य लेकर भक्तों ने पूजा-अर्चना कर नए साल को यादगार बनाया। बंजारी धाम खपरी-मढ़ी, सोमनाथ धाम लखना, बोहरही धाम पथरी सहित महाकाली मंदिर सारागांव में भी नए साल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी। लोगों ने नए साल की शुरुआत अपने इष्ट देव के दर्शन और पूजन के साथ की। खरोरा। नए साल में लोग घूमने के दौरान फोटो से संजोए यादगार पल।

# आईआईटी की तर्ज पर शुरू होंगे 'छत्तीसगढ़ इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नॉलाजी': उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा

## राज्य के सभी लोकसभा क्षेत्रों में ऐसे एक-एक इंस्टिट्यूट होंगे प्रारंभ, युवाओं को उद्योगों में रोजगार के लिए आईटीआई में खुलेंगे नये ट्रेड

- आर्मी हेडक्वाटर को अग्निवीर का कोटा बढ़ाने अनुरोध पत्र भेजने के दिए निर्देश
- व्यापम की निकट भविष्य में होने वाली भर्ती परीक्षाएं लोकसभा चुनाव के पहले कराने कहा
- व्यापम की भर्ती परीक्षाएं पूरी पारदर्शिता से कराने के दिए सख्त निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मंत्रालय महानदी भवन में तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग की समीक्षा बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी के अनुरूप छत्तीसगढ़ के सभी 11 लोकसभा क्षेत्रों में आईआईटी की तर्ज पर छत्तीसगढ़ इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नॉलाजी प्रारंभ करने के लिए सभी आवश्यक कार्यवाही शुरू करने के निर्देश दिए।

उप मुख्यमंत्री शर्मा ने व्यापम के अधिकारियों से बैठक में कहा कि व्यापम द्वारा निकट भविष्य में आयोजित की जाने वाली परीक्षाएं लोकसभा निर्वाचन को देखते हुए पहले आयोजित कर ली जाए। उन्होंने अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि किसी भी परीक्षा के पेपर लीक न हों। भर्ती परीक्षा में पूरी पारदर्शिता बरती जाए। उन्होंने प्रदेश के युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार से जोड़ने के लिए अधिकारियों को अग्निवीरों की भर्ती का कोटा बढ़ाए जाने के लिए आर्मी हेडक्वाटर को इस संबंध में जल्द अनुरोध पत्र भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आईटीआई में उद्योगों की जरूरत को ध्यान में रखते हुए नए ट्रेड की शुरूआत की जाए, जिससे युवाओं को आसानी से रोजगार मिल सके। उप मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि रोजगार कार्यालय से रिक्त पदों पर भर्ती के लिए योग्य उम्मीद्वारों को एसएमएस भेजने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसी प्रकार रोजगार कार्यालयों में बेरोजगार अभ्यर्थियों के डाटा के सुव्यवस्थित संधारण किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन अभ्यर्थियों को रोजगार मिल जाता है उनके नाम सूची से हटा दिए जाए। इसी प्रकार इंजीनियरिंग कॉलेज व पॉलीटेक्निक के सेवा भर्ती नियम का अनुमोदन सामान्य प्रशासन विभाग से जल्द कराने के निर्देश उच्चाधिकारियों को दिए। उन्होंने केले के पत्ते से दोना-पत्तल बनने तथा केले के तने के रेश से झोले तथा कपड़े बनाने हेतु एक प्रशिक्षण कोर्स तथा इसकी एक यूनिट की स्थापना करने के लिए जल्द प्रस्ताव तैयार करने भी कहा।

बैठक में तकनीकी शिक्षा विभाग के सचिव टोपेश्वर वर्मा और तकनीकी शिक्षा विभाग के प्रभारी संचालक डॉ. एसके सिंघई ने विभागीय काम-काज की विस्तार से जानकारी दी। सीएसव्हीटीयू भिलाई के कुलपति प्रोफेसर डॉ. मुकेश कुमार वर्मा सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### गृहमंत्री विजय शर्मा ने राज्य में कानून-व्यवस्था की ली जानकारी



**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा से मंत्रालय महानदी भवन में अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुआ और पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा ने सौजन्य मुलाकात की और राज्य की कानून व्यवस्था की वर्तमान स्थिति से उन्हें अवगत कराया। इस मौके पर गृह विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

### अक्षत कलश का सरोना में किया गया स्वागत

**रायपुर।** विश्व हिंदू परिषद जिला कांकेर द्वारा अयोध्या से आए अक्षत कलश निमंत्रण पत्रक, श्रीराम मंदिर का सरोना में भाजपा मंडल अध्यक्ष यशवंत सुरोजिया के नेतृत्व में बाजे गाजे और आतिशबाजी के साथ स्वागत किया गया। इसके बाद शीतला मंदिर व पंचमुखी हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की गई।

कार्यक्रम का प्रारंभ ब्रह्मानंद ओम का उच्चारण के साथ प्रारंभ किया गया हनुमान चालीसा और राम स्तुति का सामूहिक पाठ किया गया। अखिलेश चंद्रौल द्वारा कार्यक्रम की संक्षिप्त जानकारी देने के उपरांत अयोध्या प्राण-प्रातिष्ठा के संपूर्ण कार्यक्रम उसके संघर्ष की पूरी विस्तृत जानकारी से भविष्य की योजनाओं के संबंध में बताया गया। लोगों द्वारा अंचल से कलश लेकर आए सभी श्रद्धालुओं के कलश में अक्षत विराजमान कर पूजा अर्चना की गई और रथ बाजे-गाजे के साथ शोभायात्रा शीतला मंदिर से बस स्टैंड एवं अटल चौक तक निकाली गई। इस दौरान अजय हिरवानी, संजय गोलछा, निलेश गोलछा, रामाधार धनकर, दिनेश यादव, अशोक निषाद, भारत निषाद आदि उपस्थित थे।

# खेल अकादमियों को साधन संपन्न और खेल प्रशिक्षण ढांचे को मजबूत बनाने की जरूरतः खेल मंत्री टंकराम वर्मा

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग के मंत्री टंकराम वर्मा ने आज यहां न्यू सर्किट हाऊस में विभागीय अधिकारियों ने सौजन्य मुलाकात के दौरान प्रदेश की खेल अकादमियों को साधन सम्पन्न और खेल प्रशिक्षण ढ़ांचे को मजबूत बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान खेल मंत्री ने उनसे विभागीय गतिविधियों की विस्तार से जानकारी ली। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सचिव नीलम नामदेव एक्का, संचालक श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा सहित खेल संचालनालय के अधिकारीगण इस मौके पर उपस्थित थे।

खेल सचिव एक्का एवं खेल संचालक श्रीमती सिन्हा ने प्रदेश में संचालित सभी आवासीय खेल अकादमियों एवं गैर आवासीय खेल अकादमियों, विभिन्न खेल गतिविधियों सहित युवा कल्याण गतिविधियों की जानकारी उन्हें दी। खेल मंत्री ने कहा कि वर्तमान में संचालित खेल अकादमियों को साधन संपन्न बनाने और खेल प्रशिक्षण के ढ़ांचे को और अधिक मजबूत बनाने तथा प्रशिक्षण गतिविधियों को आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण बनाने की जरुरत है। नई तकनीकों के साथ विभिन्न खेलों के प्रशिक्षण पर जोर दिया जाए। उन्होंने विभागीय योजनाओं के लिए वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023-24 में उपलब्ध बजट की जानकारी भी अधिकारियों से ली। प्रदेश में खिलाड़ियों के लिए वर्तमान आवश्यकता के अनुरूप प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

खेल मंत्री ने प्रदेश के सभी जिलों में उपलब्ध खेल मैदानों और वहां उपलब्ध सुविधाओं के बारे में भी अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी जिलों में बच्चों को खेलने के लिए सुव्यवस्थित खेल मैदान उपलब्ध कराने के लिए खेल मैदानों को विकसित करने की कार्यवाही की जाए। सभी जिलों के सभी गांवों में खेल मैदान हेतु उपयुक्त भूमि को चिन्हित कर खेल मैदान बनाने हेतु सुरक्षित करने के निर्देश उन्होंने अधिकारियों को दिए। खेल मंत्री वर्मा ने कहा कि राजीव युवा मितान क्लब योजना के अंतर्गत किसी भी प्रकार के राशि अंतरण और राशि के व्यय पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाने के निर्देश सभी जिला कलेक्टरों को जारी किया जा चुका हैं, जिसका कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए।

# किसानों और आम नागरिकों की बेहतरी के लिए तेजी से होगा योजनाओं का क्रियान्वयनः कृषि मंत्री रामविचार नेताम

## कृषि विभाग की जमीनों पर अतिक्रमण करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

- कृषि मंत्री ने की विभागीय काम-काज की समीक्षा
- सरगुजा में खुलेगी नयी फर्टिलाईजर लैब

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी मंत्री रामविचार नेताम ने अटल नगर नवा रायपुर स्थित मंडी बोर्ड के सभाकक्ष में वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय काम-काज की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग प्रदेश के किसानों और आम नागरिकों से जुड़ा महत्वपूर्ण विभाग है। किसानों की सुविधा और बेहतरी के लिए प्राथमिकता के साथ योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन किया जाए। उन्होंने प्राथमिकता के तौर पर केन्द्रीय और राज्य प्रवर्तित योजनाओं का गुणवत्तापूर्वक और बेहतर ढंग से क्रियान्वयन करने को कहा।

समीक्षा बैठक में मंत्री नेताम ने किसानों को पर्याप्त मात्रा में रासायनिक खाद उपलब्ध कराने के लिए अधिकारियों को विशेष पहल करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को गुणवत्तापूर्ण खाद उपलब्ध कराने सरगुजा में भी फर्टिलाईजर लैब की स्थापना की जाए। मंत्री नेताम ने कृषि विभाग के अंतर्गत सभी संस्थाओं के लिए उपलब्ध जमीनों की पुख्ता जानकारी होने के साथ-साथ अवैध कब्जाधारियों पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रदेश के सभी विकासखण्डों में नर्सरी विकसित करने कार्ययोजना बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

मंत्री नेताम ने केसीसी ऋण की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अभी भी गांवों में विशेषकर आदिवासी अंचलों में सभी किसानों का क्रेडिट कार्ड नहीं बना है। योजना का प्रचार-प्रसार कर प्राथमिकता के तौर पर शत-प्रतिशत किसानों के क्रेडिट कार्ड बनाने की दिशा में काम किया जाए, ताकि सभी किसानों को योजना का लाभ मिल सके। उन्होंने किसानों के प्रशिक्षण पर भी विशेष बल दिया। मंत्री नेताम ने कहा कि कृषि विज्ञान केन्द्र के साथ समन्वय कर ज्यादा से ज्यादा संख्या में किसानों को अलग-अलग फसलों की उन्नत कृषि के संबंध में प्रशिक्षण देने के भी निर्देश दिए।

मंत्री नेताम ने कृषि विभाग के अंतर्गत संचालित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री सिंचाई योजना, खाद्य एवं पोषण सुरक्षा योजना, कृषि या यांत्रिकीकरण योजना, रेन फेड डेव्हलपमेंट योजना, स्वायल हेल्थ मैनेजमेंट योजना, मिलेट मिशन, कृषि सिंचाई जल ग्रहण विकास योजना सहित उद्यानिकी विभाग, कृषि विकास एवं बीज निगम तथा मंडी बोर्ड की योजनाओं तथा विकास कार्यों की समीक्षा की।

बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. कमलप्रीत सिंह, सचिव नगरीय प्रशासन डॉ. अय्याज फकीर भाई तंबोली, मंडी बोर्ड के प्रबंध संचालक यशवंत कुमार सहित उद्यानिकी, वानिकी एवं कृषि बीज निगम के संचालक व अन्य विभागीय वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### सिलपट्टी में शोभायात्रा निकालकर गुरु घासीदास की जयंती मनाई गई

**रायपुर।** ग्राम सिलपट्टी में पंथी नृत्य दलों के साथ शोभायात्रा निकालकर बाबा गुरुघासीदास की जयंती उल्लास के साथ मनाई। अतिथियों ने जैतखाम में पूजा अर्चना कर पालो चढ़ाया। कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने हुए कहा कि बाबा गुरु घासीदास के सत्य मार्ग में चल कर हम अपने जीवन को सफल बना सकते हैं।

हम सबको उनके बताए मार्ग में चलना चाहिए तभी उनका उपदेश सार्थक हो पाएगा। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के उपाध्यक्ष देवेन्द्र वर्मा, जनपद सदस्य रतनचन्द निषाद, सरपंच करौंदा राय, संतोष राय, पूर्व सोसायटी अध्यक्ष विरेंद्र कश्यप, रामसाय राय, टेकुराम मिरी, राजकुमार यदु सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।


नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243






















# सालार के बाद प्रभास की नई फिल्म का ऐलान, निर्देशक ने जारी किया पोस्टर

साउथ स्टार प्रभास इन दिनों अपनी फिल्म सालार को लेकर हर तरफ छाए हुए हैं। एक्टर की फिल्म हाल ही में रिलीज हुई है, जिसे दर्शकों की तरफ से काफी बढ़िया रिस्पॉन्स मिल रहा है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर छाई हुई है और ये कमाई के मामले में भी कई रिकॉर्ड तोड़ चुकी हैं। वहीं, अब सालार की सफलता के बाद प्रभास की एक और फिल्म का ऐलान हो गया है।

प्रभास अब डायरेक्टर मारुति संग काम करने जा रहे हैं। मारुति ने खुद प्रभास संग अपनी नेक्स्ट फिल्म का ऐलान कर दिया है, जिसके बाद तो एक्टर के फैंस की खुशी का ठिकाना ही नहीं है। मारुति ने फिल्म का पोस्टर जारी कर प्रभास की अगली फिल्म की अनाउंसमेंट की है। पोस्टर देखकर एक्टर के फैंस बेहद एक्साइटेड हो गए हैं। मारुति ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स (ट्विटर) पर फिल्म का पोस्टर शेयर किया है। इसके साथ उन्होंने लिखा है- उत्साहित और लंबे समय से इस पल का इंतजार कर रहा था। रिबेल स्टार प्रभास को एक नए अवतार में दिखाने के लिए बहुत खुश हूं। मिलते हैं पोंगल पर

पोस्टर में भी यही बात लिखी हुई है। हालांकि, अभी तक इस फिल्म का टाइटल या प्रभास का लुक रिवील नहीं किया गया है। लेकिन मारुति ने इसकी रिलीज का हिंट दे दिया है। पोस्ट के मुताबिक फिल्म पोंगल पर रिलीज हो सकती है।

# विजय एंटनी की पैन इंडिया एक्शन थ्रिलर हिटलर का टीजर रिलीज




संगीत निर्देशक से अभिनेता और फिल्म निर्माता बने विजय एंटनी ने तेलुगु में पिचाईक्करन/बिचागाडु जैसी फिल्मों में अपनी बहुमुखी भूमिकाओं से दर्शकों को प्रभावित किया है और हाल ही में रिलीज हुई पिचाईक्करन 2/बिचागाडु 2 तेलुगु में एक बड़ी सफलता थी। अभिनेता हिटलर नामक एक और दिलचस्प फिल्म लेकर आ रहे हैं। चेंदूर फिल्म इंटरनेशनल, जिसने पहले विजय एंटनी के साथ फिल्म विजय राघवन का निर्माण किया था, अपने 7वें प्रोजेक्ट के रूप में फिल्म हिटलर का निर्माण कर रहा है। फिल्म का निर्माण डीटी राजा और डीआर संजय कुमार द्वारा किया गया है। डायरेक्टर धाना एक्शन थ्रिलर कहानी वाली फिल्म हिटलर बना रहे हैं। इस रोमांचक प्रोजेक्ट का टीज़र आज रिलीज किया गया।

हिटलर एक राजनीतिक नेता और तानाशाह है और हिटलर के टीजर में एक हत्यारे की तलाश को दिखाया गया है। टीजर इन तीनों किरदारों का परिचय देता चलता है। पुलिस अधिकारी लक्ष्य तक पहुंचकर हत्यारे को पकड़ लेता है, फिर भी हत्यारा मुस्कुराता हुआ दिखाई देता है, जिसने टीजर में काफी उत्सुकता पैदा कर दी है। इस एक्शन एंटरटेनर में एक अद्भुत लव ट्रैक है। विजय एंटनी एक नए रूप और चरित्र चित्रण में एक हत्यारे के रूप में सामने आए। टीज़र विश्व स्तरीय उत्पादन मूल्यों, पृष्ठभूमि स्कोर और आश्चर्यजनक दृश्यों के साथ प्रभावशाली है। कुछ शासक लोकतंत्र के नाम पर तानाशाह की तरह काम कर रहे हैं। हिटलर ऐसे तानाशाह का सामना करने वाले एक आम नागरिक की कहानी है। यह फिल्म पूरे भारत में तमिल, तेलुगु, मलयालम, हिंदी और कन्नड़ भाषाओं में रिलीज होने वाली है।

# बच्चों को बनाना है इंडिपेंडेंट और कॉन्फिडेंट तो उनसे जरूर करवाएं घर के ये छोटे-छोटे काम

बच्चों से घर के काम करवाने चाहिए या नहीं। अक्सर इस बात को लेकर हर किसी की अलग-अलग सोच होती है। लेकिन अगर एक्सपर्ट्स की सलाह माने तो बच्चों को घर का काम जरूर करवाना चाहिए, क्योंकि ये उनके लिए फायदेमंद होता है। डॉक्टर्स का भी मानना है कि बच्चों से घर के काम करवाने से उनका कॉन्फिडेंस बढ़ता है उन्हें नई-नई चीजें सीखने का मौका मिलता है। जानिए बच्चों से घर के कौन-कौन से काम करवाने चाहिए।



## बच्चों के घर के काम करवाने के फायदे

एक्सपर्ट्स के मुताबिक, घर के कामों में योगदान देने से बच्चों का कॉन्फिडेंस बढ़ता है। उनमें ये विश्वास बढ़ता है कि वे कुछ भी कर सकते हैं। इससे फैमिली और घर में भी उनका योगदान बढ़ता है। बच्चे जिम्मेदार बनते हैं। ये छोटे-छोटे काम आगे चलकर उनकी लाइफ में काम आते हैं।

## घर के काम करने से बच्चों का बढ़ता है कॉन्फिडेंस

अगर पैरेंट्स अपने बच्चे का कॉन्फिडेंस बढ़ाना चाहते हैं, तो उससे घर के काम करवाने चाहिए। इससे उन्हें परिवार में अपनी जिम्मेदारी महसूस होती है और परिवार का महत्व समझते हैं। हालांकि, छोटे बच्चों से कौन-कौन से काम करवाने चाहिए, ये भी मैटर करता है।

## बच्चों से घर के कौन-कौन से काम करवाने चाहिए

- कपड़े सेट करवा सकते हैं।
- पौधों में पानी डालने को कह सकते हैं।
- अपना बिस्तर ठीक करने को कह सकते हैं।
- खाना खाने के बाद बर्तन उठाना, टेबल साफ करना।
- खाने के लिए टेबल लगाना।
- खेलने के बाद खिलौनों को सही जगह पर रखना।
- जूतों को शू रैक में रखवाना।
- किराने का सामान खरीदने में हेल्प लेना।
- घर के पालतू जानवरों को खाना खिलाने में मदद लेना।

## पैरेंट्स को क्या करना चाहिए

जब आपका बच्चा घर के छोटे-मोटे काम करना शुरू करता है, तो आप उसमें दिलचस्पी दिखाएं और उसकी कोशिश को नजरअंदाज न करें। घर के काम जब खत्म हो जाएं, तो आप उसके साथ पार्क में घूमने जाएं, उसके साथ थोड़ा समय बिताएं और उसे कहानी सुनाएं। इस मामले में आप अपने बच्चे से किसी परफेक्शन की उम्मीद न करें बल्कि उसकी हर छोटी कोशिश की भी सराहना करें। इस तरह आपका बच्चा आत्मविश्वास से भरपूर, जिम्मेदार और आत्मनिर्भर बनेगा।

# दिल का दौरा पड़ने के बाद 'क्लिनिकली डेड' हो गए थे श्रेयस, डॉक्टरों ने सीपीआर देकर बचाई जान




बॉलीवुड अभिनेता श्रेयस तलपड़े को अपनी आगामी फिल्म वेलकम टू द जंगल की शूटिंग पूरी करने के बाद 14 दिसंबर, 2023 को दिल का दौरा पड़ा था। अभिनेता अब वापस आ गए हैं और दोबारा से शूटिंग करने के लिए तैयार हैं। अब उन्होंने खुलासा किया कि जब उन्हें दिल का दौरा पड़ने के बाद अस्पताल ले जाया गया तो वे चिकित्सकीय रूप से मृत थे। जानते हैं कि अभिनेता ने ऐसा क्यों कहा था।

हाल ही में, श्रेयस ने एक इंटरव्यू में बताया, जब वे 'वेलकम टू द जंगल' के सेट से घर लौट रहे थे, तो उन्हें सांस लेने में तकलीफ महसूस हुई और उनके बाएं हाथ में दर्द महसूस हुआ। पहले उन्होंने इसे मांसपेशियों में खिंचाव माना क्योंकि वे एक्शन दृश्यों की शूटिंग कर रहे थे, लेकिन जब वे अपनी कार में बैठे तो मामला बिगड़ गया। उन्होंने बताया कि जैसे ही वे घर पहुंचे तो उनकी पत्नी दीप्ति ने उन्हें उस हालत में देखा और अस्पताल ले गईं, लेकिन अस्पताल के गेट पर ही अभिनेता को लगा कि उनका चेहरा सुन्न हो गया है और फिर उनकी मौत हो गई। श्रेयस ने कहा, कुछ लोग हमारे बचाव में आए और मुझे अंदर ले गए। डॉक्टरों ने सीपीआर दिया, बिजली का झटका दिया, इस तरह उन्होंने मुझे फिर से जीवित किया।

अभिनेता ने कहा, चिकित्सकीय रूप से मैं मर चुका था। यह एक बड़ा कार्डियक अरेस्ट था और अगर इसका तुरंत इलाज नहीं होता तो मेरी सांसे दोबारा नहीं चल पाती। इसे जीवन का दूसरा मौका बताते हुए श्रेयस ने उन लोगों को धन्यवाद दिया, जो उस समय उनकी सहायता के लिए आए, जब उन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता थी और यह भी बताया कि वे अपने जीवन का श्रेय अपनी पत्नी को देते हैं।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पसंद आया स्वाति मिश्रा का भजन 'राम आएंगे', बोले- मंत्रमुग्ध करने वाला

उत्तर प्रदेश के अयोध्या में बन रहे भगवान राम के भव्य मंदिर का निर्माण कार्य जोरों पर चल रहा है। 22 जनवरी को राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की जाने वाली है, जिसे लेकर उद्घाटन समारोह की भी तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। अब इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भगवान राम के स्वागत के लिए अपना पसंदीदा गाना 'राम आएंगे' साझा किया है, जिसे बिहार की गायिका स्वाति मिश्रा ने अपनी आवाज दी है।



## *मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी की थी तारीफ*

प्रधानमंत्री ने 3 जनवरी को अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर स्वाति मिश्रा के गाने 'राम आएंगे' को साझा किया। इसके साथ उन्होंने लिखा, 'श्री राम लला के स्वागत में स्वाति मिश्रा का भक्ति से भरा यह भजन मंत्रमुग्ध करने वाला है।' इससे पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और असम के मुख्यमंत्री बिस्वा सरमा ने गाना साझा किया था। बता दें, अक्षय कुमार, अनुपम खेर, माधुरी दीक्षित और अन्य सितारे राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होंगे।

# 2024 में आ रही है ये बेहतरीन बॉलीवुड फिल्में

2023 निस्संदेह हिंदी फिल्म उद्योग के लिए सबसे अच्छे वर्षों में से एक रहा है। 2024 में भी दर्शकों को कई ब्लॉकबस्टर और सुपरहिट फिल्में देखने को मिलेंगी। शाहरुख खान ने 'पठान' और 'जवान' के साथ इस साल धूम मचा दी, वहीं सनी देओल ने भी 'गदर 2' और वर्तमान में रणबीर कपूर-स्टारर 'एनिमल' ने बॉक्स-ऑफिस पर अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया। साल 2024 में भी कई फिल्में पाइपलाइन में हैं जिनका काफी इंतजार किया जा रहा है। इनमें से कई फिल्में विभिन्न हिट फ्रेंचाइजी का हिस्सा हैं। आइए एक नजर डालते हैं 2024 की कुछ सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों पर जिनका आप इंतजार कर रहे हैं।



**फाइटर:**- साल की पहली बड़ी रिलीज ऋतिक रोशन, दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर-स्टारर 'फाइटर' है। फिल्म का निर्देशन सिद्धार्थ आनंद ने किया है, जो 'बैंग बैंग', 'वॉर' और 'पठान' में अपने शानदार ट्रैक रिकॉर्ड के लिए जाने जाते हैं। फिल्म एयरफोर्स पायलटों की कहानी पर आधारित है और ढेर सारे हवाई एक्शन के साथ एक मनोरंजक कहानी का वादा करती है। यह फिल्म 25 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।

**सोरारई पोटरू:**- बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार 'ओएमजी 2' के बाद बॉक्स-ऑफिस पर अपनी लय बरकरार रखते हुए 'सोरारई पोटरू' में दिखाई देंगे। इस फिल्म में मूल रूप से तमिल अभिनेता सूर्या ने अभिनय किया था। यह 16 फरवरी को सिनेमाघरों में हिंदी में रिलीज होगी।

**लव सेक्स और धोखा 2:**- सूची में अगला नाम फिल्म निर्माता दिबाकर बनर्जी की 2010 की स्लीपर हिट 'लव सेक्स और धोखा' का बहुप्रतीक्षित सीक्वल है। फिल्म का पहला भाग जो अपने दृष्टिकोण में अत्यधिक प्रयोगात्मक था जिसे हैंडहेल्ड कैमरों और सीसीटीवी फुटेज के साथ शूट किया गया था। इसके सीक्वल की कहानी वर्तमान समय में सोशल मीडिया की भूमिका पर केंद्रित होगी और इसमें दिखाया जाएगा कि विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर चीजें कैसे भयावह मोड़ ले सकती हैं। फिल्म 16 फरवरी को रिलीज होगी।

**मेट्रो इन दिनो:**- एक और फिल्म जिसने दर्शकों की दिलचस्पी बढ़ा दी है वह है 'मेट्रो इन दिनो' जिसमें आदित्य रॉय कपूर, सारा अली खान, अनुपम खेर, नीना गुप्ता, पंकज त्रिपाठी, कोंकणा सेन शर्मा, अली फजल और फातिमा सना शेख सहित कई कलाकार शामिल हैं। फिल्म की कहानी फिलहाल गुप्त रखी गई है। फिल्म का निर्देशन अनुराग बसु ने किया है, जो 'गैंगस्टर', 'बर्फी', 'मर्डर', 'लूडो' और अन्य फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। यह 29 मार्च को रिलीज होगी।

**बड़े मियां छोटे मियां:**- एक और फिल्म जो एक्शन शैली के प्रेमियों के स्वाद को संतुष्ट करेगी वह बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ अभिनीत 'बड़े मियां छोटे मियां' का रीमेक है। मलयालम सुपरस्टार पृथ्वीराज सुकुमारन फिल्म में खलनायक के रूप में काम करेंगे। यह फिल्म ईद 2024 पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

**औरों में कहां दम था:**- पिछली फिल्म 'भोला' में नजर आने वाले बॉलीवुड सुपरस्टार अजय देवगन एक और मनोरंजक फिल्म 'औरों में कहां दम था' के साथ लौट रहे हैं। नीरज पांडे द्वारा निर्देशित इस फिल्म में तब्बू, सई एम मांजरेकर और शांतनु माहेश्वरी भी हैं। यह फिल्म उनकी पिछली 'अय्यारी' के बाद पांच साल में पांडे की पहली निर्देशित फिल्म होगी। यह 2002 और 2023 के बीच सेट है। फिल्म 26 अप्रैल को रिलीज होगी।

**चंदू चैंपियन:**- 'बजरंगी भाईजान' फेम कबीर खान द्वारा निर्देशित आगामी फिल्म एक खिलाड़ी की सच्ची कहानी पर आधारित है। 'चंदू चैंपियन' की शूटिंग लंदन में शुरू हुई। यह फिल्म 14 जून 2024 को रिलीज होने वाली है।

**स्त्री 2:**- प्रशंसकों की पसंदीदा 2018 हॉरर-कॉमेडी अपने सीक्वल के साथ वापसी करेगी और यह अधिक मनोरंजन और डराने का वादा करती है। फिल्म में श्रद्धा कपूर, राजकुमार राव, अपारशक्ति खुराना, अभिषेक बनर्जी और पंकज त्रिपाठी हैं। यह फिल्म 30 अगस्त को सिनेमाघरों में आने वाली है।

**जिगरा:**- वर्तमान में मातृत्व का आनंद ले रही बॉलीवुड स्टार आलिया भट्ट वासन बाला निर्देशित फिल्म में दिखाई देंगी, जिसे उन्होंने निर्मित किया है। फिल्म की कहानी फिलहाल गुप्त रखी गई है। यह 27 सितंबर को रिलीज होने वाली है।

**भूल भुलैया 3:**- कार्तिक आर्यन एक बार फिर से 'भूल भुलैया 3' फिल्म में बॉलीवुड स्टार रूह बाबा की अपनी भूमिका के लिए तैयार हैं। फिल्म का निर्देशन अनीस बज्मी ने किया है और यह एक नवंबर को रिलीज होगी।

# करण जौहर की शो टाइम की रिलीज तारीख आई सामने, डिज्नी+हॉटस्टार पर 15 मार्च को देगी दस्तक



बॉलीवुड के लोकप्रिय निर्माता और निर्देशक करण जौहर ने हाल ही में अपनी नई वेब सीरीज शो टाइम का ऐलान किया था।इस सीरीज में नसीरुद्दीन शाह, इमरान हाशमी और मौनी रॉय मुख्य भूमिकाओं में नजर आने वाले हैं। इसके अलावा महिमा मकवाना, राजीव खंडेलवाल, श्रिया सरन और विजय राज जैसे सितारे भी सीरीज का हिस्सा हैं।अब शो टाइम की रिलीज तारीख सामने आ चुकी है। इसका प्रीमियर 15 मार्च को ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी+ हॉटस्टार पर किया जाएगा।

शो टाइम का निर्देशन मिहिर देसाई और अर्चित कुमार ने किया है। इसकी कहानी सुमित रॉय, लारा चांदनी और मिथुन गंगोपाध्याय ने मिलकर लिखी है। करण ने 20 दिसंबर को शो टाइम का पहला वीडियो साझा किया था, जिसमें इमरान पहली बार मौनी के साथ इश्क फरमाते नजर आए। नसीरुद्दीन की अदाकारी भी हमेशा की तहर वाकई काबिले-तारीफ है। शो टाइम की कहानी बॉलीवुड की चकाचौंध भरी दुनिया पर आधारित है, जिसका दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। करण जौहर बॉलीवुड के पर्दे के पीछे की कहानी का पर्दाफाश करने वाले है। पर्दे पर दिखने वाली रंग-बिरंगी दुनिया के पीछे यह मायानगरी कितनी डार्क है, यह सच उनके नए वेब सीरीज शोटाइम में दिखेगा, जिसकी पहली झलक को मेकर्स ने आज रिलीज कर दिया है। इस फिक्शन सीरीज शोटाइम के लिए डिज्नी प्लस हॉटस्टार ने करण जौहर की धर्माटिक एंटरटेनमेंट से हाथ मिलाया है। शो टाइम को मिहिर देसाई और अर्चित कुमार ने डायरेक्ट किया है।

बता दें कि शोटाइम में सिनेमा की दुनिया के अनदेखे और कैमरे पर बोले जाने वाले झूठ का सच दिखाया गया है। इसमें अरबों की बॉलीवुड इंडस्ट्री की एक छोटी सी झलक है, जो नेपोटिज्म और इंडस्ट्री में सत्ता संघर्ष की कहानी पर आधारित है।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### वन्य हाथियों की सुरक्षा हम सबकी जिम्मेदारी-कलेक्टर

**रायगढ़।** कलेक्टर कार्तिकेया गोयल की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय हाथी सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। जिसमें जिले में विद्युत करंट से हुई हाथियों की मृत्यु के संबंध में समीक्षा की गई। कलेक्टर  गोयल ने विद्युत विभाग को ऐसे सभी लूज प्वाइंट को सुधार करने और एक माह के भीतर सभी विद्युत लाइन का मानक ऊंचाई अनुसार सुधार करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने राजस्व विभाग को वन्य हाथियों द्वारा हुई फसल और मकान क्षति के प्रकरणों पर शीघ्र निराकरण हेतु निर्देशित किया। साथ ही गांव में वन्य प्राणियों के शिकार करने वाले तथा हाथियों को नुकसान पहुंचाने के लिए करंट प्रवाह करने वालों पर भी सूचना रखने और विजिलेंस टीम द्वारा आवश्यक कार्यवाही करने हेतु भी निर्देशित किया। कलेक्टर  गोयल ने वन क्षेत्रों से गुजरने वाली विद्युत लाइनों को कवर्ड कंडक्टर इंसुलेशन हेतु विद्युत विभाग को प्राक्कलन तैयार कर वनमण्डलाधिकारी द्वारा शासन से आवश्यक राशि मांग करने करने के निर्देश दिए। वन विभाग को मानव हाथी द्वंद्व की रोकथाम हेतु पुलिस विभाग द्वारा आवश्यक सुरक्षा बल उपलब्ध कराने हेतु कलेक्टर  गोयल ने सभी एसडीएम को भी निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जिले में विद्युत करंट से हो रही हाथियों की मृत्यु अत्यंत चिंताजनक है जिसे रोकथाम करना नितांत आवश्यक है। वन्य हाथियों हेतु सुरक्षित रहवास, सुगम आवागमन, सुरक्षा और मानव हाथी द्वंद्व प्रबंधन हमारी साझा जिम्मेदारी है।

### सकारात्मक सोच के साथ पढ़ाई पर जोर - शर्मा

**कोरबा।** विकासखंड पाली के प्राथमिक शाला शांतिनगर बोईदा में विधायक प्रतिनिधि एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष दुष्यंत शर्मा की मुख्य अतिथि एवं शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष दुर्गेश मरावी, सदस्य रामकृष्ण पटेल की अध्यक्षता में नव वर्ष मिलन समारोह का आयोजन किया गया। अतिथियों के द्वारा सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा किया गया। स्कूली बच्चों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।उपस्थित सभी शिक्षक एवं स्कूल के बच्चों ने मुख्य अतिथियों का बुके,श्रीफल एवं पुष्प माला से स्वागत कर नया वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दी गई। मुख्य अतिथियों द्वारा शिक्षकों एवं स्कूल के बच्चों को नया वर्ष का बधाई दिया गया। विधायक प्रतिनिधि दुष्यंत शर्मा, शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष दुर्गेश मरावी ने सभी बच्चों को बेल्ट,पहाड़ा एवं नगद पुरस्कार वितरण किया गया। दुष्यंत शर्मा द्वारा प्राथमिक शाला शांतिनगर के लिए 5 नग कुर्सी दिया गया। दुष्यंत शर्मा ने नया वर्ष की बधाई देते हुए कहा कि आज के बच्चे कल के भविष्य होते हैं नया वर्ष में नया उमंग व सकारात्मक सोच के साथ अच्छे से पढ़ाई करना चाहिए।परीक्षा नजदीक है जिसे ध्यान में रखते हुए परीक्षा की तैयारी करना चाहिए।शिक्षक राष्ट्र के निर्माता होते हैं शिक्षकों की हर समस्याओं को हल करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। मंच संचालन राजेंद्र नायक एवं आभार प्रदर्शन रमेश जांगड़े ने किया। बच्चों को सुबह स्वल्पाहार और मध्यान्ह में खीर पूड़ी खिलाकर बच्चों के साथ नया वर्ष मनाया गया।

#### 67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शानदार आगाज

# विधायक अमर अग्रवाल ने किया प्रतियोगिता का शुभारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर। 67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता (बेसबॉल) का स्व. बीआर यादव बहतराई स्टेडियम में शानदार आगाज हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ बिलासपुर मुख्य अतिथि बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल ने किया । कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर महापौर रामशरण यादव, मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में रामदेव कुमावत, कमिश्नर केडी कुंजाम, कलेक्टर अवनीश शरण और नगर निगम कमिश्नर कुणाल दुदावत मौजूद थे।**




कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि समेत अन्य अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद खिलाड़ियों ने मार्चपास्ट कर अतिथियों को सलामी दी। मुख्य अतिथि  अमर अग्रवाल ने ध्वजारोहण कर प्रतियोगिता की विधिवत शुरुआत की। खिलाड़ियों को राष्ट्रीय खिलाड़ी समिता पैंकरा ने शपथ दिलाई। कार्यक्रम में नेशनल कॉन्वेंट और ड्रीमलैंड स्कूल की छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति से वहां उपस्थित समस्त लोगों का मन मोह लिया और तालियों की गूंज से पूरा स्टेडियम गूंजने लगा ।

उद्घाटन अवसर पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अमर अग्रवाल ने कहा कि मुझे प्रसन्नता है की पूरे देश भर से खिलाड़ी बिलासपुर में आए हैं मैं आप सभी का स्वागत करता हूं। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि बिलासपुर के लोग आपका पूरा ध्यान रखेंगे और जब आप बिलासपुर से जायेंगे तो एक सुखद अनुभूति के साथ जायेंगे। खेल के मैदान में न किसी की जीत होती है न किसी की हार होती है खेल के मैदान में केवल खेल होता है और हर खिलाड़ी के मन में खेल की भावना ही बलवती होती है।

कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती है और इसकी सीख हमें खेल के मैदान में ही मिलती है। खेल से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है अपितु मन भी स्वस्थ रहता है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में जो प्रथम आयेंगे वे आगे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने के विषय में प्रयास करेंगे जो द्वितीय या तृतीय आयेंगे वे भविष्य में प्रथम आने के विषय में सोचें।

कार्यक्रम में बिलासपुर शिक्षा संभाग जेडी आर पी आदित्य, जिला शिक्षा अधिकारी टी आर साहू समेत शिक्षा विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी, प्राचार्य, शिक्षक गण और व्यायाम शिक्षक उपस्थित थे।

## जिले में डीजल-पेट्रोल की उपलब्धता निरंतर बनाये रखने के लिए कलेक्टर ने दिए निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज



**कोरबा।** कोरबा जिले में डीजल-पेट्रोल की उपलब्धता निरंतर बनाये रखने के लिए कलेक्टर  सौरभ कुमार के द्वारा जिले में संचालित आईओसी, बीपीसी एवं एचपीसी कंपनी के पेट्रोल-डीजल पंप के सेल्स अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं एवं पुलिस अधीक्षक कोरबा द्वारा जिले में परिवहन किए जा रहे टैंकरों एवं वाहन चालकों की सुरक्षा हेतु समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। साथ ही वाहनो की आवाजाही पर पेट्रोलिग दल के द्वारा निगरानी रखी जा रही है।

जिला खाद्य अधिकारी ने जिले में पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि जिले में संचालित इंडियन ऑयल के सभी पंपो में डीजल-पेट्रोल की उपलब्धता सामान्य है। कोरबा जिले के इंडियन ऑयल डिपो गोपालपुर से पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता तथा प्रदाय व्यवस्था पर जिले में सतत् निगरानी की जा रही है। जिले में वर्तमान में आईओसी 44, बीपीसी 27 एवं एचपीसी 24 पेट्रोल-डीजल पंप संचालित है। आईओसी कंपन्नी के पेट्रोल पंपो में ऑयल डिपो गोपालपुर से डीजल-पेट्रोल की आपूर्ति की जाती हैं। बीपीसी कंपन्नी के पेट्रोल पंपो को लखोली रायपुर एवं एचपीसी कंपन्नी के पेट्रोल पंपो का मंदिर हसौद रायपुर से आपूर्ति की जाती है। उन्होंने बताया कि जिले में तीनो कंपनी के सेल्स अधिकारी से डीजल-पेट्रोल की आपूर्ति एवं उपलब्धता के संबंध में प्रतिदिन जानकारी लेकर व्यवस्था को ठीक किया जा रहा हैं। साथ ही इंडियन ऑयल डिपो गोपालपुर से प्रतिदिन ट्रांसपोर्टर एवं डीलरों के टैंकर वाहनों को प्रदाय डीजल-पेट्रोल की सतत् निगरानी की जा रही है।

खाद्य अधिकारी ने बताया कि 31 दिसंबर 2023 को 157 टैंकरों के माध्यम से अन्य जिलों को डीजल-पेट्रोल प्रदाय किए गए है। लगातार प्रतिदिन मांग अनुसार अन्य जिलों को सप्लाई की जा रही है।

## विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने लगाए जा रहे शिविर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** प्रदेश में विशेष पिछड़ी जनजाति समूहों के लोगों को लाभ दिलाने हेतु प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत प्राथमिकता से कार्य किया जा रहा है। विशेष पिछड़ी जनजाति के बसाहटों को चिन्हांकित कर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित एवं पात्र सभी हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है।

शिविर में शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा लोगों को विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग हेतु संचालित योजनाओं के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी जा रही है। इसी कड़ी में जनजाति बहुल कोरबा जिले के ग्राम छातासराई, माखुरपानी, पतरापाली, गढ़उपरोड़ा, देवपहरी जैसे कई गांवों में शिविर का आयोजन किया गया। गौरतलब है कि पीएम जनमन योजना का मूल उद्देश्य कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी), परिवारों और बस्तियों तक बुनियादी सुविधाओं और सेवाओं को पहुंचाकर उनकी सामाजिक, आर्थिक स्थितियों में सुधार करना है। पीएम जनमन योजना अंतर्गत कमजोर जनजाति समूहों के बसाहटों में विभिन्न विभागों के समन्वय से पेयजल, आवास, सड़क, आंगनबाड़ी के माध्यम से पोषण, आजीविका संवर्धन हेतु कौशल विकास जैसे महत्वपूर्ण गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जाएगा। शिविरों में विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के वंचित लोगों को आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, जनधन खाता, केसीसी, जाति प्रमाण पत्र, वन अधिकार पत्र, जॉब कार्ड सहित अन्य योजनाओं से लाभान्वित भी किया जा रहा है।

साथ ही उनका स्वास्थ्य परीक्षण के रूप में बीपी, शुगर, आंख, खून की जांच कर आवश्यक परामर्श एवं दवाइयां भी प्रदान की जा रही है। विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों को शिविर तक लाने हेतु महिला कर्मचारियों, स्वसहायता समूह द्वारा सहयोग भी किया जा रहा है एवं शिविर की नियमित मॉनिटरिंग हेतु गठित जिला एवं ब्लॉक स्तरीय नोडल अधिकारियों की टीम द्वारा शिविर का निरीक्षण कर संबंधित विभागों की उपस्थिति सुनिश्चित की जा रही है।

#### बीजापुर घटना में घायल जवान की पत्नी से गृह मंत्री ने कहा,

# बहन यह पीड़ा हम सबकी है हम अपने जवानों के साथ हर स्थिति में खड़े हैं

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** बीजापुर के गंगालूर इलाके में जवानों पर नक्सलियों द्वारा की गई फायरिंग के बाद घायल जवानों के उपचार की स्थिति जानने गृह मंत्री विजय शर्मा अस्पताल पहुंचे। हॉस्पिटल में छत्तीसगढ़ पुलिस के 4 जवान अरविंद एक्का, कुंजाम जोगा, रोशन हिकमी और  सुरेश कुमार मिच्छा तथा सीएपीएफके 2 जवान इंद्रजीत प्रसाद सिंह एवम मणिकांदन का ईलाज चल रहा है। इस घटना में घायल 27 साल के जवान को अपना पैर खोना पड़ा है। एक जवान को गोली लगी है। भावुक परिवारजन भी अस्पताल में मौजूद थे। क्रासफायरिंग में मृत बच्ची की माँ का भी इलाज वहां चल रहा था। यह गृह मंत्री के लिए भी बहुत भावुक क्षण था। पीड़ित परिवारजनों के प्रति उन्होंने संवेदना जताई। गृह मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि ये हम सभी के लिए बहुत भावनात्मक क्षण है। हम सब आपकी पीड़ा को महसूस कर रहे हैं। जिस जवान की पत्नी अपने पति की पीड़ा देखकर चीत्कार रही थी उसे संबल बंधाते हुए गृह मंत्री ने कहा कि बहन यह पीड़ा हम सबकी है। हम अपने जवानों के साथ हर स्थिति में खड़े हैं।



वहां मौजूद अधिकारियों से गृह मंत्री ने कहा कि जो जवान अपने देश की सुरक्षा के लिए, अपने लोगों की सुरक्षा के लिए गश्त पर निकलते हैं। उन पर इस तरह कायराना हमला किया जा रहा है। यह बौखलाहट है। इस तरह की क्रूरता को बख्शा नहीं जाएगा। जिस जगह माओवादियों ने जवानों पर हमला करने का निर्णय लिया होगा, इस बात की आशंका भी होगी कि वहां पर मासूम ग्रामीण भी चपेट में आ सकते हैं। इस पर भी क्रूरतापूर्वक हमला किया गया। हम अपने जवानों के साथ हर स्थिति में खड़े हैं। उन्हें मजबूत करेंगे। उन्हें हर जरूरी संसाधन प्रदान करेंगे। गृह मंत्री जी के साथ आरंग के विधायक गुरु खुशवंत साहेब, डीजीपी श्री अशोक जुनेजा, पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, डॉ. सुनील खेमका एवं हॉस्पिटल के वरिष्ठ चिकित्सक उपस्थित थे।

# जिले में शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने की दिशा में करें काम - कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज




**सुकमा।** जिले में 02 सप्ताह से संचालित विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शिविर में लक्ष्य अनुरूप आयुष्मान कार्ड बनाने में प्रगति नहीं होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए, जिलेवासियों के शत् प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश कलेक्टर श्री हरिस. एस ने मंगलवार को आयोजित समय सीमा के बैठक में दिए। बैठक में केंद्र सरकार की पीएम आवास योजना, मनरेगा योजना और पीएम विश्वकर्मा योजना की विस्तार से समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने के लिए मितानिन एएनएम, आशा वर्कर, हेल्थ विभाग से समन्वय करें और लक्ष्य निर्धारित कर लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाये। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, पीएम सुरक्षा बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, उज्ज्वला योजना, सिकल सेल जांच, टीबी जांच, माई भारत वोलंटियर की विभागवार समीक्षा कर, शिविरों में प्राप्त सभी प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग शिविर का लाभ ले सकेंगें। शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत में ज्यादा से ज्यादा पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिए सीएससी सेंटर के अलावा हाट बाजार जैसे जगहों पर शिविर लगाकर पंजीयन करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा कर, जिले में तय लक्ष्य अनुरूप लोगों को लाभान्वित करने के लिए शेष आवेदनों को शीघ्र जमा कराने के लिए कहा। बैठक में आवास योजना में तय लक्ष्य को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही अप्रारंभ आवास को भौतिक निर्माण कार्य प्रारंभ कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जनपद सीईओ सुकमा में कार्य में निरंतर कोताही बरतने पर नाराजगी जाहिर करते हुए, कारण बताओं नोटिस देने के निर्देश दिए। बैठक में धान खरीदी बोनस वितरण में शेष कृषक हितग्राहियों के प्रकरणों का सत्यापन सप्ताह के अंत तक करने के निर्देश दिए। मनरेगा योजना की समीक्षा के दौरान हितग्राहियों के डीबीटी के माध्यम से राशि अंतरण हेतु शिविरों एवं रोजगार सचिव, रोजगार सहायकों से समन्वय कर हितग्राहियों के एकाउंट ओपनिंग करने के निर्देश दिए।

अब तक जिले में 2 लाख 32 हजार क्विंटल धान खरीदी हुई है। उसके उठाव के संबंध में जानकारी ली औंर धान खरीदी केंद्रों में किसानों को कोई परेशानी न हो इसके लिए सभी नोडल अधिकारी उपार्जन केंद्र का निरिक्षण करने को कहा। उन्होंने विकासखण्ड छिंदगढ़, सुकमा में धान की अवैध परिवहन में सघन जांच करने के निर्देश दिए। बैठक में किसान सम्मान निधि, विवादित अविवादि नामांतरण, जाति-निवासी हेतु आवेदन पत्र, वन अधिकार मान्यता प्रमाण पत्र, सामुदायिक वन संसाधान अधिकार, जल जीवन मिशन,  सोलर आधारित योजना सहित अन्य विभागीय कार्यों की समीक्षा की गई।

गणतंत्र दिवस के लिए तैयारी करने के दिए निर्देश- कलेक्टर ने 26 जनवरी, गणतंत्र दिवस पर जिला स्तरीय समारोह के लिए बैठक व्यवस्था, माइक, टेंट, ध्वजारोहण की व्यवस्था, मंच संचालन, निमंत्रण पत्र वितरण व्यवस्था, मोमेंट, परेड, झांकी प्रदर्शन, फोटोग्राफी, विद्युत एवं पेयजल व्यवस्था के साथ ही अन्य समस्त आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए विभागवार कार्य विभाजन करते हुए महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश प्रदान किए।

# संकल्प यात्रा शिविर में 920 पात्र नागरिक केन्द्र सरकार की योजनाओं से प्रत्यक्ष लाभान्वित हुए

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** आज दिन की पहली पाली में केन्द्र सरकार के लोकहितैषी विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय शिविर रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 10 के तहत कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड क्रमांक 54 के बोरियाखुर्द सामुदायिक भवन परिसर में आमजनों की सुविधा हेतु केन्द्र सरकार की पीएम स्वनिधि, पीएम विश्वकर्मा, आयुष्मान कार्ड, पीएम उज्जवला, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर पात्रों को प्रत्यक्ष लाभान्वित करने के उद्देश्य से लगाया गया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के अंतर्गत लगाये गये नगर निगम जोन क्रमांक 10 के तहत वार्ड नम्बर 54 के एक दिवसीय शिविर में रायपुर लोकसभा सांसद  सुनील सोनी एवं रायपुर ग्रामीण विधायक  मोतीलाल साहू सहित मुख्य रूप से रायपुर पूर्व विधायक रायपुर ग्रामीण  नन्द कुमार साहू, कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड क्रमांक 54 की पार्षद  उमा चंद्रहास निर्मलकर, रविंद्रनाथ टैगोर वार्ड क्रमांक 55 के पार्षद  रवि ध्रुव, नगर निगम अपर आयुक्त अभिषेक अग्रवाल, नगर निगम जोन 10 जोन कमिश्नर  दिनेश कोसरिया, कार्यपालन अभियंता  शिबूलाल पटेल, सहायक अभियन्ता फत्तेलाल साहू सहित नगर पालिक निगम, रायपुर जिला प्रशासन सहित विभिन्न शासकीय विभागों के अधिकारियों, गणमान्यजनों, महिलाओं, नवयुवकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। दिन की पहली पाली में नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 10 के तहत कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड क्रमांक 54 के सामुदायिक भवन बोरियाखुर्द में लगाये गये विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर  में रायपुर लोकसभा सांसद  सुनील सोनी एवं रायपुर ग्रामीण विधायक  मोतीलाल साहू ने प्रशासनिक व्यवस्था का प्रत्यक्ष अवलोकन विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉलों में जाकर किया। रायपुर लोकसभा सांसद एवं रायपुर ग्रामीण विधायक ने सम्बंधित अधिकारियों को भारत गणराज्य के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार की सभी जन कल्याणकारी योजनाओं का रायपुर शहर नगर निगम क्षेत्र के रहवासी समस्त पात्र नागरिकों को शिविरों के माध्यम से सहजता व सरलता से दिलवाया जाना प्रशासनिक व्यवस्था के तहत सर्वोच्च प्राथमिकता देकर सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिये हैँ, रायपुर लोकसभा सांसद एवं रायपुर ग्रामीण विधायक ने अधिकारियों को शिविर के पश्चात नगर निगम से सम्बंधित जोन कार्यालय में केन्द्र सरकार की योजनाओं से छूटे हुए पात्र नागरिकों को सम्बंधित शासकीय विभागों में शीघ्र उनके प्राप्त आवेदनों को प्रेषित करवाने के निर्देश दिये है।

मथुरावासी चाट सेंटर
शादी एवं पार्टियों के आर्डर लिए जाते हैं।
9893283525
जैन पान ठेला के सामने आकाश गंगा सुपेला

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर



### चादर और कंबल व्यापारी के गोदाम में लगी भीषण आगः कड़ी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड ने बुझाया, पुलिस लगा रही नुकसान का अनुमान

**भिलाई।** भिलाई के पावर हाउस कैंप- 2 स्थित चटाई क्वार्टर में मंगलवार देर रात कंबल और चादर व्यापारी के घर में आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही दुर्ग से अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

जानकारी के मुताबिक, मंगलवार रात भिलाई के पावर हाउस कैंप- 2 स्थित चटाई क्वार्टर में आग लगने की सूचना मिली थी। छावनी पुलिस ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना देकर बुलाया। दमकल वाहन ने मौके पर पहुंचकर पानी और फोम की मदद से आग पर काबू पाया। जिस घर में आग लगी है, वो कंबल और चादर व्यवसायी का है। उसने उस घर में ही गोडाउन बनाकर रखा था।

छावनी थाना प्रभारी सोनल ग्वाला ने बताया कि उन्हें मंगलवार रात 8.30 बजे के आसपास आग लगने की सूचना मिली थी। उन्होंने तुरंत एक टीम को मौके पर भेजा और अग्निशमन विभाग दुर्ग को सूचना दी। सूचना के आधे घंटे के अंदर दमकल वाहन आ गया। तब तक स्थानीय लोगों ने चटाई क्वार्टर में बने कमरे में लगी आग को बुझाने का प्रयास किया। लोगों ने सबसे पहले क्वार्टर पर पड़ी सीमेंट की शीट को तोड़ दिया। इसके बाद ऊपर से पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया गया।

#### पुलिस लगा रही आग से नुकसान का अनुमान

आग लगने का कारण पता नहीं चला है। छावनी पुलिस आग लगने की वजह और उससे हुए नुकसान का आकलन करने व्यापारी से पूछताछ कर रही है। पुलिस का कहा है कि जिस कमरे में आग लगी है, वो 10 बाई 10 फीट का एक कमरा था। उसे व्यापारी ने गोडाउन बनाकर रखा हुआ था। ऐसा माना जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट के चलते आग कंबल और चादर में लगी। वहां काफी मात्रा में कंबल और चादर का स्टोरेज होने से आग भड़क गई। हालांकि दमकलकर्मियों ने एक घंटे के अंदर ही आग पर काबू पा लिया था।

### रायपुर से दुर्ग की ओर आ रही कार में मिला लाखों का गांजा, चार आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** दुर्ग पुलिस ने गांजा तस्करी के मामले में बड़ी सफलता पाई है। पुलिस ने 4 आरोपियों को गांजा तस्करी करते हुए गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक कार कार से 32 किलोग्राम गांजा जब्त किया है। कुम्हारी पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के मुताबिक, दुर्ग पुलिस मंगलवार को कुम्हारी टोल प्लाजा पर वाहन की सघन चेकिंग कर रही थी। मंगलवार की दोपहर जब पुलिस चेकिंग में लगी थी, उसी दौरान उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि रायपुर से दुर्ग की ओर आ रही अर्टिगा कार OD 02 CM 0852 में कुछ लोग गांजा लेकर आ रहे हैं। जैसे ही कार आई, पुलिस ने उसे चेकिंग के लिए रोका। कार चालकों ने भागने की कोशिश की, तो पुलिस ने उन्हें चारों तरफ से घेरकर पकड़ लिया। कार की चेकिंग करने पर उसकी डिक्की में 3 प्लास्टिक की बोरी मिली। उसके भीतर दो बोरियों में 1-1 किलो के 11 पैकेट और तीसरी बोरी भी में 10 किलो गांजा का पैकेट भरा हुआ था। पुलिस ने कार से कुल 32 किलोग्राम गांजा जब्त किया। जब्त गांजे की कीमत 1 लाख 60 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 7 लाख रुपए कीमत की अर्टिगा कार, मोबाइल फोन और 3700 रुपए नगद भी जब्त किया है।

#### ओडिशा के रहने वाले हैं चारों आरोपी

गिरफ्तार किए गए चारों आरोपी ओडिशा राज्य के नुआपाड़ा जिले के रहने वाले हैं। इन्होंने अपना नाम रशमीता बाग (21), भारती कुलदीप (28), सुषमा सागरिया (33) और दिनेश तांडी उर्फ राहुल बताया है। पुलिस सभी आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

# छत्तीसगढ़ में मानव तस्करीः युवती ने अपनी ममेरी बहन को दो लाख में बेचा, आरोपी पिता-पुत्र हरियाणा से गिरफ्तार

## राजनांदगांव में भी पकड़ाया मानव तस्करी का आरोपी, नाबालिग से दुष्कर्म कर बेचा



श्रीकंचनपथ न्यूज

**कबीरधाम/राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ में मानव तस्करी का मामले सामने आए हैं। कबीरधाम व राजनांदगांव में अलग अलग मामलों में तीन आरोपी पकड़ाए हैं। एक मामले में युवती ने अपनी सगी ममेरी बहन को हरियाणा में बेच दिया था। वहीं राजनांदगांव वाले मामले में युवक पहले नाबालिक को नौकरी का झांसा देकर ले गया और दुष्कर्म के बाद उसे बेच आया। इन दोनों मामलों में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

कबीरधाम जिले के कुकदूर थाना पुलिस ने लड़की को खरीद कर दुष्कर्म करने वाले आरोपी बाप-बेटों को हरियाणा से गिरफ्तार किया है। कुकदूर थाना प्रभारी सावन सारथी ने बताया कि इस मामले में दो अन्य फरार आरोपी सन्नी सूर्या (25) पुत्र जयभगवान सूर्या, जयभगवान (52) पुत्र उमेद सूर्या निवासी बनियानी, थाना कलानौर, जिला रोहतक हरियाणा) को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि पीड़ित लड़की को सौमती उर्फ सोमकली (35) पत्नी अमरलाल धुर्वे निवासी ग्राम नेवसा थाना मोतीनाला जिला मंडला से दो लाख रुपये में खरीदी थी। इसके बाद आर्य समाज रोहतक में जबरदस्ती शादी कर अपने साथ रखा व शारीरिक संबंध बनाया। गौर करने की बात है कि दोनों आरोपी पिता-पुत्र हैं। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

### नौकरी का झांसा, दुष्कर्म और इसके बाद तीन लाख रुपये में बेचा

राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र में पुलिस ने मंगलवार को अंतर्राज्यीय मानव तस्करी के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किया गया आरोपी नौकरी का झांसा देकर नाबालिग लड़की को लेकर राजस्थान गया था। दुष्कर्म करने के बाद आरोपी ने लड़की को सुखराम नाम के व्यक्ति को बेच दिया था। पुलिस ने सुखराम को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था और उसके कब्जे से पीड़िता को भी सकुशल बरामद किया था।

डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र में रहने वाले पीड़ित परिजनों ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी नाबालिग लड़की को कोई अनजान व्यक्ति बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने टीम गठित कर मामले की जांच शुरू की। साइबर सेल की मदद से पीड़िता का मोबाइल लोकेशन राजस्थान में मिला। इसके बाद टीम को राजस्थान रवाना किया गया। पुलिस ने आरोपी




प्रेमाराम गोदारा को गिरफ्तार कर लिया। डोंगरगढ़ एसडीओपी आशीष कुंजाम ने बताया कि आरोपी प्रेमाराम गोदारा सेना में नौकरी लगवाने का झांसा देकर लड़की को राजस्थान ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद उसने लड़की को तीन लाख रुपये में सुखाराम को बेच दिया। पुलि ने सुखराम को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लड़की को बरामद कर लिया था। वहीं, अब मुख्य आरोपी प्रेमाराम गोदार को गिरफ्तार किया है।

# पुलिस के नाम पर ठगी करने वाले चार शातिर पकड़ाए, पुलिस पोर्टल पर एफआईआर से नंबर देखकर करते थे कॉल

श्रीकंचनपथ न्यूज



**कांकेर।** कांकेर पुलिस ने नए तरीके से साइबर फ्रॉड करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। कांकेर पुलिस ने ऐसे चार शातिरों को गिरफ्तार किया जो पुलिस के नाम पर ठगी करते थे। यह सभी ऐसे लोगों को निशाना बना रहे थे जिनके खिलाफ थानों में अपराध दर्ज होते हैं। पुलिस पोर्टल से नंबर निकाल का केस को आगे बढ़ाने या रफादफा करने के नाम पर इनके मोटी रकम वसूल करते थे।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों द्वारा छत्तीसगढ़ एवं अन्य राज्य के पुलिस पोर्टल को खोलकर वहां के दर्ज हुए आनलाइन प्रकरण में दिये गये प्रार्थियों के मोबाइल नंबर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय कांकेर के पुलिस अधिकारी बनकर उनके प्रकरण में कार्रवाई आगे बढ़ाने के नाम पर पैसों की मांग करते थे। आरोपियों के द्वारा मोबाइल से बात कर पेटीएम, फोन पे के माध्यम से पैसो की मांग की जाती थी और पैसा आपस में बांट लिया जाता था।

आरोपीयों से दो नग मोबाइल, एक नग एटीएम कार्ड और 5700 रुपए की नकदी जब्त की है। इस मामले में कांकेर पुलिस ने आरोपी लवकेश यादव निवासी ग्राम पृथ्वीपुर जिला निवाडी मध्यप्रदेश, अनीत यादव निवासी ग्राम महेला निवाड़ी मध्यप्रदेश, मनीष कुशवाहा निवासी ग्राम राजापुर जिला निवाडी मध्यप्रदेश, विजय कुशवाह निवासी ग्राम जिला निवाड़ी को गिरफ्तार किया गया है।

### युवक का शव मिला, हत्या की आशंका

# रात को घर से निकला था युवक, शरीर व गले पर मिले निशान, जांच में जुटी पुलिस

**सूरजपुर (ए)।** सूरजपुर जिले के नमदगिरी में एक युवक का शव बुधवार सुबह खेत में पड़ा मिला है। युवक रात से लापता था। उसके शरीर पर चोट के निशान एवं गले में रस्सी के निशान मिले हैं। सूरजपुर कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है। फारेंसिक एक्सपर्ट की टीम को भी मौके पर बुलाया गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक सूरजपुर के ग्राम पंचायत नमदगिरी स्थित खेत में सुबह लोगों ने युवक का शव पड़ा देखा। मृतक की शिनाख्त नमदगिरी निवासी सुनील देवांगन (30) के रूप में की गई। युवक के नाक से खून निकला हुआ है और गले में रस्सी के निशान भी दिख रहे हैं। परिजनां ने बताया कि युवक रात को बाहर निकला था और वापस नहीं लौटा।



#### मौत संदेहास्पद, एफएसएल टीम रवाना

परिजनों की सूचना पर सूरजपुर टीआई विमलेश दुबे की टीम मौके पर पहुंची। सूरजपुर एडिशनल एसपी शोभराज अग्रवाल भी मौके पर पहुंच गए। युवक के शव के शव को देखकर उसकी मौत संदेहास्पद बताई गई है। युवक के कपड़े भी अस्त व्यस्त हैं। मारपीट एवं संघर्ष के निशान भी मिले हैं। घटना की सूचना पर अंबिकापुर से एफएसएल प्रभारी कुलदीप कुजुर की टीम मौके के लिए रवाना हो गई है।

#### सभी पहलुओं पर जांच

सूरजपुर टीआई विमलेश दुबे ने बताया कि परिजनों से की गई पूछताछ में पता चला कि युवक शाम करीब 7-8 बजे घर से निकला था। पहले भी वह देर रात घर आता था, इसलिए घरवालों ने यह सोंचा कि वह देर रात घर आ जाएगा। सुबह किसी ने उसका शव देखकर परिजनों को सूचना दी। युवक की मौत को संदेहास्पद मानते हुए सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है। डॉग स्क्वायड की टीम भी पहुंच गई है। एफएसएल की टीम भी आ रही है। पीएम रिपोर्ट में मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# पैर की उंगली में फ्रैक्चर का इलाज कराने गए सीएसईबी कर्मचारी की मौत, परिजनों का हंगामा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर चांपा जिले के नायक मेटरनिटी अस्पताल में पैर की उंगली के फ्रैक्चर का इलाज करने गए सीएसईबी कर्मचारी धनंजय साव की मौत हुई है। मौत के बाद परिजनों में आक्रोश है। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टरों ने गलत इलाज किया, जिससे उनकी मौत हो गई। मौके पर चांपा थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।




मृतक सीएसईबी मडवा के कर्मचारी धनंजय साव के परिजनों ने बताया कि सोमवार को घर में काम करने के दौरान गिरने से पैर की उंगली टूट गई थी। इलाज के लिए चांपा के नायक मेटरनिटी अस्पताल आए थे। पैर की उंगली का इलाज होने के बाद डॉक्टर ने दूसरे दिन आने को कहा था। मंगलवार को फिर से वह इलाज के लिए अस्पताल पहुंचे। डॉक्टर ने सभी प्रकार का टेस्ट किया। टेस्ट में सब नॉर्मल आया।

परिजनों ने बताया कि पैर की उंगील के ऑपरेशन के लिए डॉक्टर उन्हें अंदर ले गए। इसके बाद कुछ पता नहीं चला। कोई इंजेक्शन लगाया, जिससे शरीर में रिएक्शन हुआ और मौत हो गई। परिजनों ने हॉस्पिटल संचालक और डॉक्टर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की साथ ही हॉस्पिटल को बंद करने की मांग की है। चांपा थाना प्रभारी मनीष सिंह परिहार ने कहा कि नायक हॉस्पिटल से मृत्यु की संबंध में सूचना मिली थी। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।


**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय अधीक्षण अभियंता,**
**शिवनाथ मण्डल, दुर्ग (छ.ग.)**
**ई- प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना**
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
( प्रथम आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्र. 150520 / निविदा सूचना क्र. 38 / वलेलि / 2023-24,
छुईखदान, दिनांक 29.12.2023

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 19.01.2024 17:30 तक ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है:-

**कार्य का नाम** - खैरागढ़ - छुईखदान - गण्डई जिले के छुईखदान विकासखण्ड अंतर्गत पिपरिया मध्यम जलाशय योजना के तहत नवीन संभागीय कार्यालय भवन का निर्माण कार्य

**अनुमानित लागत** - रू. 189.13 लाख

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 05.01.2024 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।

**नोट :** निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है ।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, छुईखदान (छ. ग.)
कृते - अधीक्षण अभियंता शिवनाथ मण्डल दुर्ग (छ.ग.)

जी-06815/5



सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026,
8962815243

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RAKESH SINGH
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
पुष्पांजलि स्वीट्स के बाजू में, कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षों से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

## खास - खबर

### राष्ट्रीय एकता शिविर एनआईसी का आयोजन हुआ शुरू

**भिलाई।** हेमचंद यादव शिवविद्यालय, दुर्ग द्वारा प्रथम बार राष्ट्रीय एकता षिविर एनआईसी का आयोजन 02 जनवरी से 08 जनवरी तक शासकीय मॉडल कॉलेज, सोमनी राजनांदगांव में किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए विष्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक एवं कल्याण महाविद्यालय के प्राचार्य, डॉ. आर पी अग्रवाल ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर के इस षिविर के आयोजन का दायित्व भारत सरकार द्वारा हेमचंद यादव विष्वविद्यालय, दुर्ग को सौंपा गया है। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य की एनएसएस सम्पर्क अधिकारी सुश्री डॉ. नीता बाजपेयी के मार्गदर्षन में आयोजित होने वाले इस सात दिवसीय शिविर के दौरान एनएसएस के छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेष राज्यों के रीजनल डायरेक्टर, श्री श्रोती भी उपस्थित रहेंगे। डॉ. आर. पी. अग्रवाल के अनुसार राष्ट्रीय एकता षिविर में छत्तीसगढ़ को मिलाकर कुल 14 राज्यों के एनएसएस के चयनित स्वयंसेवक एवं कार्यक्रम अधिकारी हिस्सा लेंगे।

### सेवानिवृत्त अधिकारी को दी गई भावभीनी बिदाई

**दुर्ग।** जिला कार्यालय के सभाकक्ष में दुर्ग में पदस्थ पीएचई विभाग के सेवानिवृत्त कार्यपालन अभियंता एफ्सी बोरकर को अधिकारियों ने भावभीनी बिदाई दी। कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने सेवानिवृत्त बोरकर को अधिकारियों की तरफसे पुष्पगुच्छ, शॉल एवं श्रीफ्ल भेंट किया। उन्होंने सेवा अवधि के दौरान बोरकर की व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। साथ ही उनके स्वस्थ एवं सुदीर्घ जीवन की कामना की। श्री बोरकर ने अपने सेवाकाल के दौरान विभागीय उपलब्धियों को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि अविभाजित मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ राज्य में 41 वर्षों तक सेवा देने के उपरांत वे सेवानिवृत्त हुए है। इस अवधि में समस्त अधिकारियों की सहयोग के लिए उन्होंने सभी का आभार माना। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं नगर निगम भिलाई के आयुक्त रोहित व्यास, जिला पंचायत के सीईओ अश्वनी देवांगन, अपर कलेक्टर गोकुल रावटे, सभी एस.डी.एम. व जनपद सी.ई.ओ. सहित समस्त विभाग के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

### शिवनाथ महोत्सव में भजनों एवं गीतों की प्रस्तुति ने बांधा शमा

**दुर्ग।** शिवनाथ महोत्सव के चौथे वर्ष में छत्तीसगढ़ मंच के गायक कलाकारों ने शिव भजन एवं फिल्मी गीतों की प्रस्तुति दी। मंच के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत एवं दिनेश जैन ने बताया कि शिवनाथ महोत्सव में शिव भजन एवं फिल्मी गीतों की प्रस्तुति को शहरवासियों एवम संगीत प्रेमियों ने काफी सराहा। सभी गायक कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजन एवं गीतों के माध्यम से लोगों से खूब वाहवाही बटोरी । मंच के संरक्षक तुलसी सोनी ने कार्यक्रम का बेहतरीन एवं सफ्ल संचालन किया। छत्तीसगढ़ मंच के गायक कलाकारों में छत्तीसगढ़ की लता मंगेशकर पूर्वा श्रीवास्तव छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध गायक जानती रमैया प्रसिद्ध लोक गायिका जयंती सिंह,बाल गायिका श्रीजा दलाल, कार्तिका तिवारी, रमन सिंह, मोहन चौहान, हरीश सोनी, यूनुस चौहान, त्रिलोक सोनी, प्रणव सोनी के अलावा विशेष सहयोगी साई म्यूजिकल ग्रुप के डायरेक्टर हाजी मिर्जा साजिद बेग, अनिल गुप्ता ने भी शानदार प्रस्तुति से लोगों का मन मोह लिया।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर 1501 लोगो ने भरें आवेदन

# प्रधानमंत्री स्वनिधि, विश्वकर्मा योजना से छोटे व्यापारियों के जीवन स्तर में सुधार लेकर आयेगाः सरोज पाण्डेय

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समाज के हर वर्ग तक शासन की जनकल्याणकारी योजना को पहुँचा कर उन्हे लाभान्वित करना चाहते है, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, विश्वकर्मा योजना छोटे व्यापारियों के जीवन स्तर में सुधार लेकर आया है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का यही उददेश्य है।






नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा श्रीराम चौक मैदान में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में पहुँचे राज्यसभा सांसद सुश्री सरोज पाण्डेय ने उक्त बाते कही उन्होने स्वनिधि योजना के लाभार्थी पवन कुमार गुप्ता, अशोक सिन्हा, शीला कवर, आर रमना को प्रमाण पत्र तथा उर्षा वर्मा, सविता देवी प्रजापति को गैस किट प्रदान किये।

महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से उर्षा चौधरी, भारती सोनी, सावित्री गिल, लक्ष्मी सिंह, दिप्ती देवांगन, गुंजा सिंह का गोदभराई करवा कर कुपोषित बच्चे इशिका साहू, अनरव सोनवानी को सुपोषण किट तथा स्वस्थ शिशु सृष्टि, नित्या, प्रियांशु, रोहित, रेयांशी को प्रमाणपत्र प्रदान किये। इसके पूर्व सांसद ने भारत माता तथा छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर माल्यापर्ण व टीप प्रज्जवलित कर उपस्थित लोगो को भारत को 2047 तक विकसित एवं समृद्व राष्ट्र बनाने का संकल्प दिलाये।शिविर स्थल में शासकीय स्कूल खुर्शीपार के बच्चों ने मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी। निगम द्वारा चलाये जा रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा के 12वां दिवस शिविर श्रीराम चैंक एवं इण्डोर स्टेडियम शिवाजी नगर खुर्सीपार में आयोजित किया गया, जहाँ 6 हजार से अधिक लोग उपस्थित होकर 1501 ने योजनाओं के आवेदन फार्म भरें। शिविर में पार्षद श्याम सुन्दर राव, पियुष मिश्रा, मुकेश अग्रवाल, जिला महामंत्री योगेन्द्र सिंह, पूर्व पार्षद भूषण अग्रवाल, जयशंकर चौधरी, जोगिन्दर शर्मा, रामबृज वर्मा, ईश्वर साहू, संजीत यादव, अनिल कुश्वाहा, एस.एन.सिंह, ईश्वर दुबे, सुरेन्द्र दुबे, सत्यम व्यास सहित निगम के अधिकारी कर्मचारी एवं क्षेत्र के नागरिक उपस्थित थे।

#### लॉटरी से आवास आबंटन

प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत जिन हितग्राहियों ने 10 प्रतिशत अंशदान की राशि जमा किये है ऐसे हितग्राहियों को 3 जनवरी को मंगल बाजार छावनी में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में लॉटरी निकालकर आवास आबंटन किया जायेगा। शिविर का अंतिम आयोजन मानव आश्रम सेक्टर 1 एवं छावनी मे बुधवार को रहेगा।

## भिलाई इस्पात संयंत्र में सेवानिवृत्त कार्मिकों का सीएसआर में संलग्नीकरण के लिए इंटरव्यू

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में, बीएसपी से सेवानिवृत्त कार्मिकों का सीएसआर में संलग्नीकरण के लिए निम्न पदों पर नियुक्ति हेतु अधिसूचना जारी की गई है। पदों का विवरण इस प्रकार है: फार्मेसिस्ट, नर्स, टेक्नीशियन (पैथोलॉजी), ड्रेसर, मेडिकल असिस्टेंट सह रिसेप्शनिस्ट, मेडिकल असिस्टेंट, छात्रावास वार्डन। पदों की संख्या का विवरण: फार्मेसिस्ट - 2 पद (पुरुष/महिला), नर्स - 2 पद (महिला), पैथोलॉजी टेक्नीशियन - 2 पद (पुरुष/महिला), ड्रेसर - 1 पद (पुरुष/महिला), मेडिकल असिस्टेंट सह रिसेप्शनिस्ट - 2 पद (पुरुष), मेडिकल असिस्टेंट - 2 पद (पुरुष), छात्रावास वार्डन - 1 पद (पुरुष)। उपरोक्त पदों के लिए केवल भिलाई इस्पात संयंत्र के सेवानिवृत कार्मिक, जो दुर्ग भिलाई निवासी हैं आवेदन हेतु पात्र हैं। सभी पदों के लिए आयु सीमा 60 से 68 वर्ष होगी। चयनित उम्मीदवारों को आरम्भ में 6 माह के लिए अनुबंधित किया जायेगा। जिसे बाद में दो बार, प्रबंधन के निर्णयानुसार 6-6 माह की अवधि के लिए बढ़ाया जा सकता है। चयनित उम्मीदवारों को वास्तविक उपस्थिति के आधार पर मात्र निर्धारित मानदेय ही दिया ही जायेगा। इसके अतिरिक्त वे किसी भी प्रकार के अन्य लाभ हेतु पात्र नहीं होंगे। आवेदक स्वयं का मोबाइल नंबर आवश्यक रूप से अपने आवेदन में लिखें। आवेदन सादे कागज पर टाइप किये या हस्तलिखित, निर्धारित प्रारूप में, संपूर्ण विवरण के साथ होने चाहिए। इच्छुक व्यक्ति अपना आवेदन, महाप्रबंधक - सीएसआर ऑफ्सि (पुराना गर्ल्स स्कूल सेक्टर-5) भिलाई 490006 (छत्तीसगढ) में, पंजीकृत डाक या स्वयं के द्वारा, आवेदन प्रकाशित होने के 10 दिनों के भीतर जमा कर सकते हैं। शैक्षणिक योग्यता, कार्य की प्रकृति, सामान्य शर्तें, आवेदन का प्रारूप आदि के विवरण के लिए, इसका प्रकाशित विज्ञापन देख सकते हैं।

## अनिर्बान दासगुप्ता ने विभिन्न विभागों का किया भ्रमण, नववर्ष की शुभकामनाओं के साथ सुरक्षित कार्य करने के लिए किया प्रेरित

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने 02 जनवरी 2024 को, भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभागों का भ्रमण किया। अनिर्बान दासगुप्ता ने विभागों के कार्मिकों, अधिकारियों श्रमिकों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी और सुरक्षा नियमों एवं मानदंडों का पालन करते हुए, उनसे सुरक्षित रूप से कार्य करने का आग्रह किया। उन्होंने शून्य दुर्घटना के साथ उत्पादन के आगामी लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया। इसके साथ ही कोरोना संक्रमण की आशंका को देखते हुए, कोरोना प्रोटोकाल का अनुपालन करने की भी अपील की।

संयंत्र भ्रमण के दौरान अनिर्बान दासगुप्ता के साथ संयंत्र के कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेशक (परियोजनाएं) एस मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक (सामग्री प्रबंधन)अजय कुमार चक्रबर्ती, कार्यपालक निदेशक (वित्त एवं लेखा) डॉ अशोक कुमार पंडा, कार्यपालक निदेशक (माइंस) बी के गिरी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवांए) डॉ एम रविन्द्रनाथ सहित विभिन्न विभागों में मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी, मुख्य महाप्रबंधक, महाप्रबंधक, वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

निदेशक प्रभारी ने विभिन्न विभागों का भ्रमण किया जिसमें, इस्पात भवन, यूनिवर्सल रेल मिल, आरएसएम और आरटीएस, एमडब्ल्यूआरएम और बार एंड रॉड मिल, टी एंड डी, आरएमडी एंड कॉस्ट कंट्रोल, स्टील मेल्टिंग शॉप-3, आरसीएल, आई एंड ए, पी एंड बीएस, पर्यावरण प्रबंधन और पीईएम, ब्लास्ट फर्नेस, सिंटर प्लांट-2, सिंटर प्लांट-3, एलडीसीपी एंड ओर हैंडलिंग प्लांट, कोक ओवन, स्टील मेल्टिंग शॉप-2 एवं आरईडी, प्लेट मिल, डब्ल्यूएमडी एवं एमआरडी, पीपीसी, ईएमडी, सीसी-डब्ल्यू, एसईडी, स्टोरेज विभाग, एम एंड यू ज़ोन शामिल है। भ्रमण के दौरान सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने इस्पात बिरादरी के सदस्यों से मुलाकात की और नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी। समयाभाव को ध्यान में रखते हुए, संयंत्र भ्रमण करने वाली टीम, अब शेष विभागों का भ्रमण 03 जनवरी 2024 को करेगी। जिसमें अग्निशमन सेवा विभाग, परियोजना विभाग, नगर सेवाएं विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवांए विभाग समिल्लित है।

## पुलिस के 25 अधिकारी - कर्मचारियों का किया गया स्थानांतरण पहली बार पुलिस में स्वयं के आवेदन पर किया गया ट्रांसफर

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग राम गोपाल गर्ग के द्वारा पहली बार पुलिस में स्वयं के आवेदन पर अधिकारी व कर्मचारियों के ट्रांसफ्र किए गए। कुछ दिन पूर्व ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कर्मचारियों को सर्विस से संबंधी अपनी समस्याएं बताने के लिए अपने समक्ष मिलने के लिए कहा था।



ताकि उनको अपनी समस्याएं बताने के लिए किसी की सिफारिश लगाने की आवश्कता न पड़े। जिसके बाद 25 अधिकारियों व कर्मचारियों का स्थानांतरण की सूची जारी कर दी गई है। आदेश में कुल 25 अधिकारियों-कर्मचारियों को नई पदस्थापना मिली है। जिसमें लंबे समय से पुलिस लाईन में पदस्थ 14 आरक्षकों को थानों में नई पोस्टिंग भी मिली है।

जारी तबादला सूची के अनुसार उप निरीक्षक राजकुमारी कामड़े को महिला थाने से अमलेश्वर, सहायक उप निरीक्षक अमित कुमार शर्मा को वैशाली नगर से यातायात, रमेश सिन्हा को रक्षित केंद्र से जिला विशेष शाखा, नरेंद्र सिंह को नगपुरा से धमधा, सुभाष चन्द्र बोरकर को बोरी से पुरानी भिलाई, प्रधान आरक्षक रोहित कुमार करमाकर को पाटन से पद्मनाभपुर, आरक्षक प्रदीप कुमार चतुर्वेदी को रक्षित केंद्र से जामुल, बद्री सिंह को रक्षित केंद्र से जेवरा सिरसा, गणेश यादव को रक्षित केंद्र से जामुल, विनोद कुमार को रक्षित केंद्र से वैशाली नगर, कुंजू ढीमर को रक्षित केंद्र से पद्मनाभपुर, योगेश्वर कुमार सिन्हा को रक्षित केंद्र से सुपेला, गिरजा शंकर को रक्षित केंद्र से उतई, हिमांशु जंघेल को रक्षित केंद्र से मोहन नगर, संतोष कुमार साहू को रक्षित केंद्र से जेवरा सिरसा, महिला आरक्षक मनीषा जांगड़े को रक्षित केंद्र से वैशाली नगर, सीमा साहू को कुम्हारी से अंजोरा, चंद्रिका चंदेल को रक्षित केंद्र से दुर्ग, आरक्षक केशव कुमार को रक्षित केंद्र से दुर्ग, रितुराज सिंह राजपूत को रक्षित केंद्र से पद्मनाभपुर, दिव्यराज बोरकर को रक्षित केंद्र से पद्मनाभपुर, घनश्याम उरांव को पाटन से वैशाली नगर, महताब अहमद को धमधा से छावनी, ईशांत प्रधान को खुर्सीपार से भिलाई भट्ठी और प्रशांत पाटणकर को पद्मनाभपुर से दुर्ग थाना स्थानांतरित किया गया है।

## तीन कैडेट्स का नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस के लिए चयन

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग ।** इंदिरा गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय वैशाली नगर भिलाई के एनसीसी नेवल यूनिट के 3 कैडेट्स का चयन नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस 2024 हेतु चयन हुआ है। यह केम्प 01 जनवरी से 30 जनवरी तक आरडीसी कैम्प का आयोजित किया जाता है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती अलका मेश्राम तथा एनसीसी अधिकारी ए.एन.ओ. लेफ्टिनेंट महेश कुमार अलेंद्र के संयुक्त ने बताया कि महाविद्यालय के 1 सीजी नेवल यूनिट रायपुर के कैडेट सचिन उपाध्याय का चयन गार्ड ऑफ ऑनर हेतु कैडेट अविनाश तिवारी और कैडेट धनराज नायडू का चयन पीएम रैली हेतु किया गया है। ये तीनों कैडेट्स आरडीसी दिल्ली में एम.पी. एंड सी.जी. डायरेक्टरेट व महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती अलका मेश्राम, जनभागीदारी अध्यक्ष महेश कुमार जायसवाल, ए.एन.ओ लेफ्टिनेंट महेश कुमार अलेंद्र, महाविद्यालय एलुमनी एसोसियेशन के सदस्य के साथ-साथ समस्त प्राध्यापकों व महाविद्यालयीन स्टाफ ने कैडेट्स को बधाई दी।

### सेल ने कहानी लेखन प्रतियोगिता - 2024 लांच की

# देशभर के कहानीकारों को अपना कौशल दिखाने का मौका विजेताओं को पुरस्कार देकर किया जायेगा सम्मानित

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। स्टील अथॉरिटी ऑफइंडिया लिमिटेड (सेल) ने आज तुम, मैं और सेल थीम पर सेल कहानी लेखन प्रतियोगिता - 2024 लॉन्च की है, जिसमें देश भर के लेखकों को भाग लेने और अपने रचनात्मक लेखन कौशल का प्रदर्शन करने के लिए आमंत्रित किया गया है।




सेल कहानी लेखन प्रतियोगिता - 2024 का उद्देश्य हर उम्र के लोगों को अपनी कल्पनाओं के घोड़े दौड़ाने , अपने लेखन कौशल की धार तेज करने और सेल से जुड़ने के लिए प्रेरित करना है, साथ ही लोगों को राष्ट्र विकास में सेल के योगदान के बारे में जागरूक करना भी है।

इस कहानी प्रतियोगिता की थीम तुम, मैं और सेल के तहत प्रतिभागी अपनी हर तरह की भावनाओं और अनुभवों को कहानी के रूप में पिरोने के लिए स्वतंत्र हैं। इस कहानी प्रतियोगिता में सभी उम्र और अनुभव स्तर के शुरुआती लेखकों से लेकर स्थापित कहनीकार तक भाग ले सकते हैं। यह प्रतियोगिता उभरते लेखकों या कहानीकारों को अपनी अपनी कल्पना और रचनत्मकता का इस्तेमाल कहानियां गढ़ने में उपयोग करने में प्रोत्साहित करती है।

इस वर्ष कंपनी इस प्रतियोगिता के विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार, प्रकाशन के अवसर और प्रमाणपत्र प्रदान करेगी। इसके साथ ही पुरस्कार विजेता कहानियों को सेल की गृह-पत्रिका सेलन्यूज़ में प्रकाशित करने का अवसर देकर उनके लेखन से लोगों को रूबरू भी कराया जाएगा। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को अधिकतम 800 शब्दों में ऐसी मूल और अप्रकाशित कहानियां भेजने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, जो अनूठे और रोचक तरीके से थीम को कहानी के रूप में सामने लाने में मदद करती हों। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागियों को अपनी मूल कहानियाँ 15 फ्रवरी, 2024 तक sailstoryw® wy@gmail.com पर भेंजनी होंगी। इस प्रतियोगिता में भाग लेने दिशानिर्देश और नियम सेल वेबसाइट (www.sail.co.in) पर उपलब्ध हैं, जो इस प्रेस विज्ञप्ति के साथ भी संलग्न हैं।

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) भारत की सबसे बड़ी स्टील उत्पात्क कंपनियों में से एक है और देश के केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों के महारत्नों में से एक है। सेल अपनी स्थापना के समय से ही राष्ट्र निर्माण के लिए प्रतिबद्ध रहा है।

# वी किशोर को मिला इंडिया बेस्ट एमएसएमई अवार्ड

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। मैकेनिकल ऑपरेशन एण्ड मेंटनेंस में बेस्ट बिजनेसमेन द ईयर अवार्ड से नवी मुम्बई महाराष्ट्र में नवाजा गया। यह अवार्ड एमएसएमई ने वर्ष 2023 के लिए वी किशोर (मेसर्स एस-एस इरेक्टर्स) को बेहतर कार्य करने के लिए यह अवार्ड दिया गया है।




यह अवार्ड किशोर को वाईस प्रेसिडेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटिड के शरद लांडे ने दिया है। इस दौरान किशोर ने कहा कि अवार्ड मिलने से हमारी कंपनी के प्रोग्रेस में बेहतर साबित होगा। अवार्ड मिलने के पीछे किशोर की 15 वर्षो की मेहनत है। इसके अलावा अवार्ड मिलने के पीछे भिलाई इस्पात संयंत्र, एनएसपीसीएल भिलाई, विशाखापटनम स्टील प्लांट के करण संभव हुआ है। यह तीनों यूनिट का किशोर ने आभार जताया है। समारोह में चीफ फाइनेंशियल अफ्सर (सीएफ्ओ) आर एक्स आईएल कैलाश कुमार वरोडिया, डीजीएम एमएसएमई एन्ड बीएसई एमएसएमई आनंद चारि समेत अन्य लोग मौजूद थे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950